# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–226 । सागर, गुरुवार, 5 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



मोटर साइकिलें टकराईं, 2 की हालत गंभीर — पृष्ठ 3

▪ लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है चुनावी बांड पर निर्णय में देरी — पृष्ठ 4

▪ 4 घंटे से धरने पर बैठे थे मृतक के परिजन, बल प्रयोग कर पुलिस ने हटाया जाम, 3 लोगों पर मामला दर्ज — पृष्ठ 6

मतदाता सूची में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया : रावत — पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### 'शक्ति योजना' ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की शक्ति योजना की सराहा है। उन्होंने कहा कि इसने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। यह गर्व की बात है कि हमारा शासन मॉडल यह सुनिश्चित कर रहा है कि राज्य की महिलाओं को उनका अधिकार मिले। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कर्नाटक में लक्ष्मी, वंदना, पूजा और उनके जैसी लाखों महिलाओं को कांग्रेस सरकार की शक्ति योजना द्वारा सशक्त बनाया गया है, जो मुफ्त बस यात्रा प्रदान कर रही है।

### ईडी ने अभिषेक बनर्जी को 9 अक्टूबर को किया तलब

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में स्कूल नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को पूछताछ के लिए नया नोटिस जारी किया है। उन्हें साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है। इससे पहले जांच एजेंसी ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा नरूला बनर्जी को भी एक नोटिस जारी किया था और उन्हें अगले सप्ताह उसी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा था। अभिषेक बनर्जी को मंगलवार को ईडी के सामने पेश होना था। लेकिन नई दिल्ली में राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण वह उस समन पर नहीं जा पाए।

### कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बुधवार को दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम जिले के कुज्जर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने कहा, मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं। घेराबंदी और तलाशी अभियान अभी भी जारी है। इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षा बलों ने बुधवार सुबह ही घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया था।

### कार-ट्रक की टक्कर में 8 की मौत



**वाराणसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को वाराणसी-लखनऊ मार्ग पर एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई। वाराणसी स्थित फूलपुर जिले के थाना प्रभारी दीपक राणावत ने बताया कि बुधवार को पीलीभीत निवासी कार सवार वाराणसी में पूजा करने के बाद जौनपुर जा रहे थे। करखियांव इलाके में अचानक इनकी गाड़ी की टक्कर ट्रक से हो गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई।

### पटाखा इकाई विस्फोट में 4 की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले के तरंगमबाड़ी तालुक के थिलायाडी गांव में बुधवार को एक पटाखा निर्माण इकाई एवं गोदाम में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 15:30 बजे गोदाम एवं पटाखा बनाने वाली इकाई में आग लगने के बाद हुए विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट से गोदाम क्षतिग्रस्त हो गया। यह तुरंत पता नहीं चल सका कि मलबे के नीचे कितने लोग फंसे हुए हैं। पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट में चार लोग मारे गए।

### मराठों को आरक्षण दिया जाना चाहिए : तटकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने स्पष्ट किया कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण पर उनकी पार्टी की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खतरे में डाले बिना मराठों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। वह सरकार से बिहार की तर्ज पर जातिवार जनगणना कराने की मांग करेंगे। ऐसा नहीं है कि मराठा समुदाय के सदस्य केवल आज ही आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

---

राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली पर खड़े हो गए हैं नए सवाल

# नागपुर के अस्पताल में 24 घंटे में 25 की मौत

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर के सरकारी मेयो अस्पताल में विभिन्न कारणों से बुधवार सुबह तक 24 घंटे में कम से कम 25 मरीजों की जान चली गई, जिससे राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने आज सुबह एक एक्स पोस्ट में नई मौतों पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'डर यहीं खत्म नहीं होता है और स्वास्थ्य प्रणाली ध्वस्त हो गई है और सरकार सो रही है।

सुले ने कहा, ठाणे, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर (घटनाओं) के बाद अब नागपुर में भी 25 मरीजों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के पास नई दिल्ली जाने का समय है, लेकिन इन अस्पतालों का दौरा करने का समय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं के लिए महाराष्ट्र के लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है और राज्य में चिकित्सा आपूर्ति की कमी है। संयोग से, नागपुर राज्य की दूसरी राजधानी है और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अलावा अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं का गृह नगर है।



### नांदेड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हुई

अधिकारियों के अनुसार, इस बीच, डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (नांदेड़) में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई, जबकि घाटी अस्पताल (छत्रपति संभाजीनगर) में मरने वालों की संख्या 10 से बढ़कर 18 हो गई। विधानसभा में कांग्रेस के नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार आज दो अस्पतालों के दौरे पर जाने वाले हैं, जबकि शिवसेना (यूबीटी) के नेता विपक्ष (विधान परिषद) अंबादास दानवे ने आज सुबह नांदेड़ अस्पताल का दौरा किया।

---

सिक्किम में बादल फटे

# 43 लोग लापता : 5 की जान गई, 41 गाड़ियां भी डूबीं

**गंगटोक, एजेंसी।** सिक्किम में बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 43 लोग लापता हो गए। इनमें सेना के 23 जवान हैं। नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आने के बाद बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गईं। आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है।

**लापता लोगों में 23 जवान भी है शामिल**

बाढ़ की वजह से राज्य को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे भी बह गया। इसकी वजह से आवागमन की सुविधा बंद हो गई है। ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। नदी का जलस्तर अचानक 15 से 20 फिट तक बढ़ गया। इसके बाद नदी से लगे आसपास के इलाकों में पानी भर गया। कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया। लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए।

---

प्रदेश में मतदाताओं की संख्या साढ़े 5 करोड़ से अधिक हुई

# 22 लाख से अधिक युवा पहली बार करेंगे मताधिकार का उपयोग




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में 22 लाख से अधिक युवा पहली बार करेंगे मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। नई मतदाता सूची में युवाओं के नाम शामिल करने के साथ ही प्रदेश में अब मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 हो गई है।

2 अगस्त से 4 अक्टूबर के बीच विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में 24 लाख 33 हजार 965 मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हैं, वहीं 7 लाख 50 हजार 175 के नाम हटाए गए हैं। इस प्रकार दोनों आंकड़ों को मिलाकर देखा जाए तो मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 16 लाख 93 हजार 790 हुई है। 15 लाख एक हजार 146 मतदाताओं के नाम, पता और फोटो में संशोधन किया गया है। सबसे कम एक लाख 50 हजार 542 मतदाता कोतमा विधानसभा क्षेत्र में हैं।

### इन विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाता अधिक

प्रदेश के ढ़ाई दर्जन से ज्यादा विधानसभा इलाके ऐसे हैं, जहां कि महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं के मुकाबले ज्यादा है। इनमें आलीराजपुर, बालाघाट, मंडला, बदनावर, मनावर, सरदारपुर, बैहर, निवास, बिछिया, परसवाड़ा, कुक्षी, सैलाना, पानसेमल, वारासिवनी, रतलाम सिटी, झाबुआ, थांदला, पुष्पराजगढ़, छिंदवाड़ा, शाहपुरा, उज्जैन उत्तर, जावरा, इंदौर चार, सेंधवा, कटंगी, पेटलावद, बरघाट, डिंडौरी और जोबट शामिल हैं।

### बुजुर्ग घर बैठे कर सकेंगे मतदान

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा मिलेगी, लेकिन इसके लिए उन्हें आवेदन करना होगा। इसके बाद उन्हें डाक मतपत्र जारी होगा। निर्वाचन अधिकारी उनके घर जाएंगे और गोपनीयता का पालन करते हुए मतदान कराया जाएगा, इसकी वीडियोग्राफी भी होगी।

### 64 हजार 5 सौ से ज्यादा केंद्रों पर होगा मतदान

मतदान के लिए प्रदेश में 64 हजार 523 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां सबसे कम मतदाता बालाघाट विधानसभा के सोनेवानी मतदान केंद्र पर 42 हैं। वहीं सर्वाधिक 407 मतदान केंद्र सिवनी जिले के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र और सबसे कम इंदौर 3 विधानसभा क्षेत्र में 193 हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में 17 हजार 70 मतदान केंद्र संवेदनशील थे। इन्हें चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है। पिछले चुनाव में सर्वाधिक मतदान रतलाम के सैलाना विधानसभा क्षेत्र में 89.13 प्रतिशत हुआ था। जबकि सबसे 52.84 प्रतिशत मतदान आलीराजपुर के जोबट विधानसभा में हुआ था।

---

बुरहानपुर महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने 6 दिन पहले लाड़ली बहनों के खाते में भेजी 1250 की किस्त

# पुलिस में 35 प्रतिशत बेटियों की भर्ती होगी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पुलिस में बेटियों की 30 प्रतिशत भर्ती आरंभ की गई थी अब इसे बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया जाएगा, ताकि वह गुंडों का मुकाबला कर सकें। पुलिस में बड़ी संख्या में बेटियों के आने से बहन-बेटियों की सुनवाई अधिक संवदेनशीलता से हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं आपको वचन देता हूं कि बहनों के जीवन में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की आवाज हूँ – मैं शिवराज हूं, महिला सशक्तिकरण मेरे लिए जीवन का मिशन है। यह बात उन्होंने बुरहानपुर में आयोजित महिला सम्मेलन में कही। उन्होंने लाड़ली बहनों के खातों में साढ़े 12 सौ रुपए की राशि भी अंतरित की। इस बार विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के मद्देनजर सिंगल क्लिक से एक करोड़ 31 लाख लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से 1597 करोड़ रूपए अंतरित किए।

श्री चौहान ने कहा कि ताप्ती मेगा रिचार्ज की योजनाओं को भी मूर्त रूप दिया जाएगा, जिससे पानी की कमी न रहे। बुरहानपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री चौहान ने कहा कि गरीब और किसानों के बच्चों को भी निजी स्कूलों से भी अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए प्रदेश में सीएम राइज स्कूल बनाए जा रहे हैं। यह स्कूल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर में सिंधी भाईयों की समस्याओं का समाधान करते हुए जली दुकानों के बदले उन्हें दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी, राशि का अंतर राज्य सरकार वहन करेगी।

शुरुआत में सम्मेलन में शामिल बहनों का मुख्यमंत्री ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्री चौहान को स्व-सहायता समूह की बहनों ने एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत केले के रेशे से बनाए फोटो फ्रेम के साथ बुरहानपुर के पर्यटन स्थलों की एक झलक पर आधारित प्रतिकृति भेंट की गई।

**सिंगल क्लिक से 1 करोड़ 31 लाख बहनों के खातों में जारी किए 1597 करोड़**

### सरकारी नौकरी में महिलाओं का आरक्षण बढ़ाया

प्रदेश सरकार ने एक और निर्णय महिलाओं के हक में लिया है। अब महिलाओं को नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। मध्यप्रदेश शासन के सामान्य सामान्य प्रशासन विभाग ने आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। यह लाभ महिलाओं को सीधी भर्ती के पदों पर नियुक्ति में मिलेगा। आदेश के अनुसार सिविल सेवा (महिलाओं में महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम 1997 में संशोधन किया गया है, हालांकि वर्तमान में महिलाओं को 33 प्रतिशत है, लेकिन नए आदेश में वन विभाग को छोड़कर 35 प्रतिशत आरक्षण का यह आदेश सभी विभागों के पदों पर लागू रहेगा। आरक्षण सभी स्तर पर और प्रभागवार मिलेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में 2 करोड़ 62 लाख महिला मतदाता हैं। प्रदेश में सीधी भर्ती के सभी पदों में 35 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित करने के निर्णय की अधिसूचना सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दी है। इसके पहले नवंबर 1995 में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था। हालांकि प्रदेश में शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। जबकि पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा बाकी पदों पर 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। यह आरक्षण समस्तर और प्रभागवार दिया जा रहा है, यानी जिस संवर्ग में जितने पद आरक्षित होंगे, उनमें महिलाओं के लिए निर्धारित मात्रा में पदों का आरक्षण रहेगा।

**राज्य शासन ने जारी किए आदेश**

---

चुनाव से पहले बढ़े नेताओं के दौरे

# मोदी आज जबलपुर, प्रियंका धार आएंगी





**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख नेताओं के चुनावी दौरे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां एक सप्ताह में दूसरी बार कल एक बार फिर जबलपुर आ रहे हैं। वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी धार जिले के मोहनखेड़ा में आमसभा को सम्बोधित करेंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर कल जबलपुर जिले के दौरे पर आ रहे है, वह दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे जबलपुर पहुंचेंगे। यहां वे सड़क, रेल, गैस पाईप लाईन आवास और पेयजल सहित तकरीबन साढ़े 12 हजार करोड़ से ज्यादा की लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान लाईट हाउस प्रोजेक्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत सवा सौ करोड़ से ज्यादा की लागत से निर्मित इस परियोजना से 1 हजार परिवारों को लाभ मिलेगा। श्री मोदी यहां वीरांगना रानी दुर्गावती की 5 सौ वीं जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होते हुए वह रानी दुर्गावती के स्मारक का शिलान्यास करेंगे।

जबकि कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी गुरुवार 5 अक्टूबर को सुबह सवा 9 बजे दिल्ली से विशेष वायुयान से प्रस्थान कर पूर्वान्ह पौने 11 बजे इंदौर हवाई अड्डे पर पहुंचेगी। इसके बाद वह धार जिले के मोहनखेड़ा के लिए रवाना होगी और साढ़े 11 बजे मोहनखेड़ा पहुंचेगी। श्रीमती गांधी यहां जैन तीर्थ स्थल का दर्शन और तीर्थ स्थल के ट्रस्टों के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके बाद वह सवा 12 बजे आदिवासी जननायक क्रांतिकारी नेता, स्वतंत्रता संगाम सेनानी अमर शहीद टंट्या मामा की प्रतिमा के अनवारण कार्यक्रम में शामिल होंगी।

---

शराब घोटाला मामले में ईडी ने कसा शिकंजा

# 'आप' सांसद संजय सिंह को किया गिरफ्तार

- 10 घंटे की पूछताछ के बाद की कार्रवाई, कार्यकर्ताओं का लगा जमावड़ा
- कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर भी छापे मारे
- मनीष सिसोदिया पहले से ही जेल में बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शराब घोटाला मामले में पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह से ही संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही थी।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले मामले में पहले से ही तिहाड़ जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी ने इसको लेकर सरकार पर निशाना साधा है। संजय सिंह की गिरफ्तारी की जैसे ही खबर सामने आई उनके आवास पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जमा हो गए। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है।



इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है।

### कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाने का आरोप

ऐसा आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए लाई गई आबकारी नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया और कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाया जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर रिश्वत दी थी। आप ने इस आरोप का खंडन किया है।

दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से इस मामले की जांच कराने की सिफारिश करने के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया था। ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। एक बयान में अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह से हुई थी। जिसके बाद वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के भी संपर्क में आए थे।



संजय सिंह की गिरफ्तारी बिलकुल गैर कानूनी है। ये मोदी जी की बौखलाहट दर्शाता है। चुनाव तक ये कई और विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करेंगे : **अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार**



केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास को घोटाले और वसूली का अड्डा बना दिया है, जहां बैठकर उनके इशारे पर उनकी पार्टी के सांसद संजय सिंह वसूली करते हैं : **गौरव भाटिया, भाजपा प्रवक्ता**

---

# प्रबीर पुरकायस्थ को 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को बुधवार को एक अदालत ने सात दिनों के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

**न्यूजक्लिक ने आरोपों का किया खंडन**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था और आज उन्हें अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने कल न्यूजक्लिक परिसरों और इससे जुड़े पत्रकारों के दिल्ली एनसीआर स्थित आवासों पर छापेमारी की।

### निशाना बनाए जाने का लगाया आरोप

न्यूजक्लिक पर चीन से आर्थिक मदद लेकर अपने पोर्टल के जरिए भारत विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप है। न्यूजक्लिक ने एक बयान जारी करके पुलिस के आरोपों का खंडन किया है। बयान में कहा गया है कि न्यूजक्लिक पोर्टल पर जारी खबरें कोई भी देख सकता है। जहां तक आर्थिक मदद का सवाल है, न्यूजक्लिक ने भारत सरकार द्वारा तय दिशानिर्देशों और यहां के कानूनों के तहत लेनदेन की है।

# नपा के रैन बसेरा की बाउंड्री वॉल गिरने से नाली खोद रहे 2 मजदूर हुए घायल



**बीना, देशबन्धु।** शास्त्री वार्ड में स्थित नगर पालिका के रैन बसेरा की जर्जर बाउंड्री वॉल गिरने से बाजू में नाली खोद रही एक महिला सहित दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 के पास शास्त्री वार्ड स्थित नगर पालिका के रैन बसेरा की बाउंड्री वॉल अचानक से गिर गई। बाउंड्री वॉल के बाजू में ही नाली खोद रहे मजदूर करण पिता मुन्ना लाल धानक 35, पुष्पा पति देवी धानक 36 दोनों निवासी वीर सावरकर वार्ड के ऊपर बाउंड्री वॉल गिर गई। दोनों घायलों को नगर पालिका की एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। सुरक्षा को देखते हुए बाउंड्री वॉल का कुछ हिस्सा बाद में लोगों ने गिरा दिया। ड्यूटी चिकित्सक डॉ. हर्षिता परिहार ने बताया कि दो मजदूरों को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिनमें से करण पिता मुन्नालाल धानक 35 की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि महिला पुष्पा पति देवी धानक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## सुरक्षा में लापरवाही पर पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर को किया गया निलंबित

**सागर, देशबन्धु।** विगत दिवस रात्रि के समय लगभग 8 बजे मकरोनिया-सिविल लाइन मार्ग पर स्थित कठवापुल पर सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते बिना सुरक्षा इंतजाम के पुल के पास लगे वृक्ष को जड़ से काटने पर वृक्ष की चपेट में आने सेना के चार पहिया वाहन समेत तीन-चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुये एवं चार पहिया वाहनों में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हुये। कलेक्टर दीपक आर्य ने निर्माण कार्यों में सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन न होने की लापरवाही प्रदर्शित हुई। जिसका उत्तरदायित्व उपयंत्री लोक निर्माण विभाग वायके नामदेव का था। श्री नामदेव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। कलेक्टर दीपक आर्य ने अनुविभागीय अधिकारी सागर द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर उपयंत्री लोक निर्माण विभाग वायके नामदेव को मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नित्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है एवं निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय निर्धारित किया गया है। श्री नामदेव को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# राहतगढ़ में होगी महानगरों जैसी हर सुविधा: गोविंद राजपूत

### 10 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन




**राहतगढ़, देशबन्धु।** आपने पहले और अब की सुरखी देखी ही होगी। सुरखी विधानसभा में किसी समय सड़कें नहीं थी। क्षेत्र के लोगों को कीचड़ भरी सड़कों से ही जाना पड़ता था। बारिश में तो कच्चे पुल-पुलिया पानी में डूब जाती थी। क्षेत्र के लोगों के लिए अस्पताल और बेटे-बेटियों को महाविद्यालय में पढ़ने के लिए सागर तक जाना पड़ता था, लेकिन अब सुरखी में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की कोई भी कमी क्षेत्रवासियों के लिए नहीं है। अब सुरखी विधानसभा बदल गई है। हमने कम समय में वे तमाम प्रयास किए हैं, जिससे यहां के हर कोने की तस्वीर बदलेगी और लोगों की तकदीर भी बदलेगी। राहतगढ़ में महानगरों जैसी सुविधा होगी मुझे पता चला कि राहतगढ़ महाविद्यालय में पढ़ाई करने वाले बेटे-बेटियों की संख्या बढ़ रही है। वहां बैठने की व्यवस्था नहीं बची है। जिसकी वजह से उन्हें पढ़ाई करने में कठिनाई आ रही है। मैंने तुरंत ही महाविद्यालय के 6 अतिरिक्त कक्षाओं को बनाने की मंजूरी दे दी। यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 3.53 करोड़ की लागत से बने नए 6 अतिरिक्त कक्षों के लोकार्पण समारोह के दौरान कही। मंत्री राजपूत ने नगर में कार्यक्रम के दौरान 10 करोड़ के कामों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने एसडीएम के नए भवन का लोकार्पण, वार्ड क्र. 14 में नए मंगल भवन का लोकार्पण, वार्ड क्र. 13 स्थित विदिशा मार्ग पर बनाए गए स्वागत द्वार का लोकार्पण किया। यह द्वार 24.54 लाख से तैयार किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने 4.10 लाख की लागत बनाए गए कीर्ति स्तंभ के सौंदर्यीकरण का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर अमित राय, रामकुमार पप्पू तिवारी, अशोक चौधरी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, नेकीराम खटीक, विनोद ओसवाल सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### रोजाना पौधारोपण और श्मशानघाट की सफाई करने निकल पड़ती है टोली



**सागर, देशबन्धु।** प्रकृति से खिलवाड़ करोगे तो मानव जाति संकट में पड़ जाएगी। आज समय की मांग है पानी की बचत करें। पौधारोपण करें यह बात श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति के अध्यक्ष रामेश्वर कोरी ने केशवगंज वार्ड स्थित कार्यालय में समिति की बैठक में सभी सदस्यों और आम लोगों से कहीं। उन्होंने कहा जनता के सहयोग से ही काफी हद तक समस्याएं हल हो सकती हैं। हमें शासन और प्रशासन के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। हमारी समिति के सदस्य मंदिरों के आसपास पड़ी जमीन में पौधारोपण करने के अलावा शमशानघाट की सफाई करते हैं। हाल ही में समिति के कुछ सदस्यों ने जरूरतमंद लोगों को रक्तदान भी किया है। उन्होंने सभी लोगों से कहा आज के समय में नर सेवा ही नारायण सेवा है। किसी जरूरतमंद की मदद करना ईश्वर की पूजा करना है। इस मौके पर सचिव राजेश फुसकेले, संयोजक मोहन यादव, सदस्य पुरुषोत्तम पांडे सहित कई लोगों ने अपनी बात रखी। गौरतलब है समिति के सदस्य शहर के शमशानघाट में सफाई करने के अलावा सामाजिक गतिविधियों के कई कार्य कर रहे हैं।

### विधायक महेश राय ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**बीना, देशबन्धु।** चंद्रशेखर वार्ड के चौबे कॉलोनी में 24.50 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड, गांधी वार्ड के अपना नगर में सीसी रोड, दो नाली निर्माण लागत 50 लाख, राजीव वार्ड के वृंदावन धाम कॉलोनी में सीसी रोड नाली निर्माण लागत 35 लाख रुपए और राजीव वार्ड के मिशन कंपाउंड में सीसी रोड और नाली निर्माण लागत 14 लाख का भूमि पूजन विधायक महेश राय ने किया। भूमि पूजन के अवसर पर विधायक महेश राय ने कहा कि नगर का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। आने वाले समय में लगभग दो-चार दिन में चुनाव आचार संहिता लग सकती है। आचार संहिता के पूर्व नगर के सभी वार्डों में जो विकास कार्य रह गए हैं, उन कार्यों का भूमि पूजन किया जा रहा है ताकि वार्डों में विकास कार्य लगातार चलते रहें। अभी जिन वार्डों में जो विकास कार्य रह गए हैं उनका भी एक-दो दिन के अंदर भूमि पूजन किए जाएंगे। विधायक महेश राय ने वार्ड वासियों की समस्याएं सुनी और उन समस्याओं को हल करवाया। भूमि पूजन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, सभापति संतोष राय, सभापति गौरी शंकर राय, पार्षद नवीन साहू, पार्षद भारती राय सहित भाजपा कार्यकर्ता और वार्डवासी उपस्थित रहे।

### भीम आर्मी ने निकाली संविधान बचाओ यात्रा

**बण्डा, देशबन्धु।** भीम आर्मी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर एवं भीम आर्मी के संस्थापक चन्द्रशेखर आजाद के आदेश पर मप्र के प्रत्येक जिला व प्रत्येक विधानसभा में संविधान बचाओ यात्रा निकाली जा रही है इसी तारतम्य में बधुवार को बण्डा विधानसभा में भीम आर्मी के तत्वावधान में संविधान बचाओ यात्रा निकाली गई जो कि बण्डा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंची जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और संविधान के सम्मान में विचार व्यक्त किए गए। इसके उपरान्त संविधान बचाओ यात्रा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय पहुंची जहां राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में लेख है कि मप्र में पिछडा वर्ग की जातिगत जनगणना करायी जाये, विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाये, सफाई कर्मियों को नियमित किया जाए और ठेकेदारी प्रथा को पूर्णत: समाप्त किया जाए। संविधान बचाओ यात्रा भीम आर्मी बण्डा विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मन अहिरवार की अगुवाई में निकाली गई जिसके प्रभारी पुष्पेन्द्र अहिरवार और भागचन्द्र भीम खपचा वाले सहित सैकड़ों की संख्या में बाबा साहेब के अनुयाई, भीम आर्मी के कार्यकर्ता एवं अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्राहक मिलन एवं ड्रा समारोह संपन्न

# 287 मेरी चाय ने पूरे बुंदेलखंड में नई पहचान बनाई है: शैलेन्द्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** 287 मेरी चाय ग्रुप के द्वारा सागर के एक निजी होटल में ग्राहक मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन ने विजेताओं का सम्मान किया। शैलेन्द्र जैन ने कहा कि 287 मेरी चाय ने स्थानीय उत्पाद के रूप में पूरे बुंदेलखंड में नई पहचान बनाई है और लगभग 6 लाख लोग रोज 287 मेरी चाय का उपयोग कर रहे है। विश्व स्तरीय क्वालिटी बनाए रखते हुए इस ब्रांड ने बहुराष्ट्रीय कंपनी के चाय ब्रांडों को जिले में बहुत पीछे कर दिया है। कंपनी के डायरेक्टर सुरेन्द्र जैन ने बताया कि समय समय पर हम अपने 1 किग्रा के पैक में इस तरह के ऑफर निकालते है, जो पर्यावरण सुरक्षा के प्रति संकल्पित है। जैसे 1 किग्रा के पैक के साथ नि:शुल्क शॉपिंग थैला फ्री देते है। हमारा ब्रांड 5 स्टेज की टेस्टिंग से पास होकर बाजार में ग्राहक के पास पहुंचता है, इससे क्वालिटी पर सदैव नियंत्रण रहता है। इस अवसर पर स्कीम का लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार बुलेट मोटरसाइकिल मे. कमलेश किराना रहली, द्वितीय पुरस्कार बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल मे. एस एस ट्रेडर्स गढ़ाकोटा, मे. समीर सेल्स रहली, मे. वीणा ट्रेडर्स बांदरी, मे. नीलेश किराना बंडा, मे. अतुल किराना देवरी, मे. संतोष किराना सुरखी, तृतीय पुरस्कार मे. सचिन एजेंसी रहली को प्राप्त हुआ इसी के साथ 7 सांत्वना पुरस्कार के रूप में लेपटॉप में. अंकुर किराना बंडा एवं बालमुकुन्द बद्रीप्रसाद गढ़ाकोटा को प्राप्त हुआ, ड्रा में 3 विक्रेताओं को बैंकाक यात्रा का कूपन खुला। समारोह में बधाई एवं काल बेलिया नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों के द्वारा दी गई। इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर सुरेन्द्र जैन मालथौन, राजेन्द्र जैन, अनुभव जैन, सुजय जैन, सपना जैन, पूर्वी जैन आदि सहित व्यापारी मौजूद रहे, ड्रा का संचालन लखन यादव एवं कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र मालथौन ने किया। इस दौरान उत्कृष्ट विधायक से सम्मानित शैलेंद्र जैन का भी जिले के व्यापारियों द्वारा सम्मान किया गया।

# मकरोनिया नगर पालिका मे कांग्रेस ने प्रदर्शन कर, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस जन संघर्ष मोर्चा के संरक्षक सुरेन्द्र सुहाने एवं अध्यक्ष अभिषेक गौर ने बताया कि नगर पालिका कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है अत्याधिक कमीशन खोरी के साथ गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य तथा गैर योजना पूर्ण शैली के चलते चुने हुए अध्यक्ष सहित पार्षदो तक को स्वयं की भाजपा सरकार के द्वारा नियुक्त सीएमओ और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना पडा था। अश्चर्य इस बात का है कि नगर पालिका अध्यक्ष एव संपूर्ण पक्ष-विपक्ष के पार्षदो द्वारा किए गए धरनों के बावजूद भी कुछ नहीं हुआ इसको देखते हुए कांग्रेस जन संघर्ष मोर्चा को बाध्य होकर उग्र प्रदर्शन करना पड़ा, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और कहा की यदि जल्दी ही मांगें पूरी नहीं हुई तो कांग्रेस जन संघर्ष मोर्चा कलेक्ट्रेट का घेराव प्रदर्शन कर पालिका की पोल खोलेगी। इस अवसर पर संबोधित करने वालो में प्रमुख रूप से सुनील जैन, स्वदेश जैन, अमित दुबे, पुष्पेन्द ठाकुर गंभिरिया, रामाकांत यादव, सुरेन्द्र चौबे, शारदा खटीक, रेखा चौधरी, हेमंत लारिया, महेश जाटव ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सिन्टू कटारे, पार्षद जितेंद्र खटीक, पार्षद गोविंद कलू पटेल, अजय अहिरवार, कमल चौधरी, राजा बुंदेला, सीमा चौधरी सहित कांग्रेस जन, महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## शिक्षक अनीता राजपूत द्वारा अनुशासनहीनता करने पर की जाएगी कार्रवाई: एसडीएम

**सागर, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया द्वारा मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान शास. माध्य. शाला अर्जनी का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान माध्य. शाला अर्जनी में छात्र छात्राओं एवं ग्रामवासियों ने बताया कि विद्यालय में 7 शिक्षक पदस्थ है, जिसमें से मात्र दो उपस्थित पाए गए, निरीक्षण के दौरान प्राथ. शिक्षक अनीता राजपूत उपस्थित हुई। अनीता द्वारा अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया से अनुशासनहीनता की गई। जिसका पंचनामा सरपंच के समक्ष बनाया गया एवं कार्रवाई हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को पंचनामा प्रस्तुत किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी विजय डहेरिया ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है इसी परिप्रेक्ष्य में आज अर्जनी, आमेट मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां निर्वाचन आयोग के अनुसार समुचित तैयारी पाई गई, किंतु माध्य. शाला अर्जनी में भारी अनियमिताएं पाई गई है जिसका प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कार्रवाई हेतु लिखा गया है।

# मंत्री प्रतिनिधि ने 2.40 करोड़ के किए भूमिपूजन, लोकार्पण



**बांदरी, देशबन्धु।** मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह बांदरी में 2.40 करोड़ की लागत से बैडमिंटन कोर्ट खेल मैदान निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं हॉकर जोन, चौपाटी का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री प्रतिनिधि ने कहा नगर परिषद बांदरी में जितने विकास कार्य हुए हैं एवं जितने चल रहे हैं वह सभी मंत्री भूपेंद्र सिंह के माध्यम से चल रहे हैं, बांदरी में करोड़ों की विकास कर चल रहे हैं एवं करोड़ की विकास कार्य हो गए यह सिर्फ संभव मंत्री भूपेंद्र सिंह के माध्यम से हुआ है और कहा नगर में खेल का मैदान बन जाने से अब युवा नगर में ही खेल और दौड़ का अभ्यास कर सकेंगे। मंत्री भूपेन्द्र सिंह का भी यही सोचना है कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में लोगों के चेहरे पर खुशहाली रहे। क्योंकि उनका मानना है कि हर गरीब का सपना होता है कि उसका खुद का आवास हो। उन्होंने बांदरी को नगर परिषद बनाने, फ्री वाईफाइ, महाविद्यालय, बस स्टेण्ड, निर्माण कार्यों के लिए गृह विभाग एवं वन विभाग की दर्जनों एकड़ जमीन दिलाने सहित कार्य किए गए वा अनेक विकास कार्य की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री प्रतिनिधि श्री सिंह ने समारोह में उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनी और उन्हें तुरंत निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## राज्यस्तरीय मलखम्ब प्रतियोगिता में शाहगढ़ के बच्चों को मिला दूसरा स्थान



**शाहगढ, देशबन्धु।** नगर में संचालित मां दुर्गा शक्ति व्यायाम शाला के बच्चों ने राज्य स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल नगर को गौरवान्वित किया। बुधवार को शाहगढ़ पहुंचे बच्चो का गाजे बाजे के साथ नगर में स्वागत किया गया। बच्चों के कोच मोहित भल्ला ने बताया कि बालिका पोल मलखम्ब में हमारे अभिनव विद्यालय की छात्रा रेखा पाल पिता बालकिशन पाल ने मप्र में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मां दुर्गा शक्ति व्यायाम शाला के छात्र बालक असद गौरी एवं छात्रा नीतू रायकवार, पूजा अहिरवार वेटलिफ्टिंग में गयी जिसमें नीतू रायकवार का चौथा नम्बर लगा। बीईओ अशोक तिवारी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर के लिए यह गौरव की बात है की हमारे गांव से इन बच्चों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और दूसरा स्थान हासिल किया।

# आदर्श आचार संहिता का सभी राजनैतिक दल पालन कर निर्वाचन में सहयोग करें: श्री आर्य



**सागर, देशबन्धु।** आदर्श आचार संहिता का सभी राजनैतिक दल पालन कर निर्वाचन में सहयोग करें उक्त विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने राजनैतिक दलों की बैठक में व्यक्त किए। फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण.2023 अंतर्गत 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। दीपक आर्य ने बताया कि 4 अक्टूबर को जिले के सभी 2118 मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया गया। जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्हें मतदाता सूची की एक मुद्रित प्रति एवं एक प्रति सीडी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी सहित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश सहित सागर जिले में फोटो निर्वाचक नामावली अंतर्गत द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 2 अगस्त से शुरू हुआ था। 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन लिए गए थे।

## तीर्थ स्थल टिकिटोरिया में बनने वाले रोप-वे का शिलान्यास आज

**रहली, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी सिद्ध पीठ टिकिटोरिया धाम में सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड द्वारा रोप-वे स्वीकृत किया गया है, जिसका शिलान्यास आज लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा समारोह पूर्वक किया जायेगा। टिकिटोरिया तीर्थ क्षेत्र को बुंदेलखंड में मिनी मेहर के नाम से जाना जाता है यहां ऊंची पहाड़ी पर मां सिहवाहनी विराजित है देवी दर्शन, पूजन, आराधना, उपासना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं, बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों, विकलांगो, बीमारों को सुविधा हेतु अंतराष्ट्रीय फेनिकुलर तकनीक से 1728 लाख की लागत से यह रोप-वे स्थापित होने वाला है।

## कपलिंग खुल जाने से दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी

**बीना, देशबन्धु।** उत्कृष्ट विद्यालय के पीछे बीना-सागर रेलवे ट्रैक पर भोपाल की ओर जा रही एक कोयले से भरी मालगाड़ी की कंपलिंग खुल जाने से मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई थी। ट्रेन मैनेजर ने इसकी सूचना देकर मालगाड़ी को रूकवाया और कंपलिंग जोड़ने का कार्य किया गया, इसके बाद उसे आगे बढ़ाया गया।

### समय रहते किया गया मरम्मत कार्य

मिली जानकारी के अनुसार बीना के उत्कृष्ट स्कूल के पीछे मालगाड़ी की कंपलिंग खुलने से वह दो हिस्सों में बंट गई थी और इंजन तरफ का हिस्सा कुछ फीट दूरी तक आगे चला गया था। ट्रेन मैनेजर ने ट्रेन चालक को सूचना देकर ट्रेन रुकवाई और इंजन तरफ वाले हिस्से को पीछे लाकर ट्रेन स्टाफ ने कंपलिंग जोड़ी। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया था। इसके कुछ देर बाद ही कंपलिंग जोड़कर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। जिससे यातायात प्रभावित नहीं हुआ।

# सरकार के कार्यों व विचार को तर्क और प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाना हैं: रजनीश अग्रवाल



**सागर, देशबन्धु।** कोई भी चुनाव जीतने के लिए संवाद अति महत्वपूर्ण है सतत संवाद के लिए सोशल मीडिया उत्कृष्ट माध्यम है जिसका उपयोग हमें सक्रियता और सजगता के साथ करते हुए संगठन, सरकार के कार्यों व विचार को तर्क और प्रभावी रूप से जन जन तक पहुंचाना हैं यह बात भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सोशल मीडिया आईटी विभाग प्रदेश प्रभारी रजनीश अग्रवाल ने सागर में आयोजित सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग की जिला स्तरीय कार्यशाला शंखनाद को संबोधित करते हुए कही। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, आईटी सेल प्रदेश संयोजक अमन शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, जिला महामंत्री श्याम तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन आदि मंचासीन रहें। रजनीश अग्रवाल ने कहा कि आगामी समय में विपक्षी दलों के द्वारा हमारे शीर्ष और पार्टी के खिलाफ विडियो और फोटो को एडिट कर दुष्प्रचार करने का प्रयास करेंगे जिनकी हमें सक्रियता के साथ जानकारी एकत्र कर पुलिस शिकायत कर इनके षड्यंत्र को विफल करना हैं। उद्बोधन से पूर्व रजनीश अग्रवाल ने कार्यकर्ता पदाधिकारियों सोशल मीडिया से संबंधित जिज्ञासा का समाधान किया। अमन शुक्ला ने बड़ी एलई स्क्रीन के माध्यम सोशल मीडिया के तकनीकी और बेहतर उपयोग के संदर्भ में उपस्थित साइबर योद्धाओं को प्रशिक्षित किया साथ शीर्ष नेतृत्व की मंशानुरूप सोशल मीडिया एवं आई टी सेल की संगठनात्मक समीक्षा की। गौरव सिरोठिया ने कहा कि आगामी चुनाव में सोशल मीडिया और आईटी सेल की महत्पूर्ण भूमिका होगी आप सभी अपने दायित्व का और अधिक पारिपक्ता के साथ निर्वाहन कर सकें इसलिए आज यह कार्यशाला आयोजित की गई। सागर सोशल मीडिया विभाग और आईटी सेल की टीम ने समय समय पर उत्कृष्ट कार्य करते हुए स्वयं को साबित किया हैं जिसके आधार पर में कह सकता हूं कि आगामी चुनाव में सागर सोशल मीडिया और आईटी विभाग शीर्ष नेतृत्व की मंशानुरूप उत्कृष्ट कार्य करेगी। कार्यक्रम का संचालन सोशल मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक आशुतोष पराशर ने किया।

## सार समाचार

### किसान की लायसेंसी बंदूक चोरी



**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम महाराजगंज के एक किसान की लाइसेंस बंदूक चोरी होने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि किसान रामेश्वर पुत्र बिहारी लाल पटेल उम्र 58 वर्ष अपनी लाइसेंसी दोनाली बंदूक लेकर खेतों की रखवाली करने गया था। रामेश्वर के मुताबिक बंदूक उसने खेत पर बनी झोपड़ी में रखी थी और वह खेतों की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान जब कुछ आवारा मवेशी खेतों में घुसे तो वह उन्हें भगाने के लिए करीब दो-तीन खेत आगे तक गया था। वापिस लौटने पर उसकी बंदूक गायब थी। आसपास तलाश करने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो रामेश्वर ने बुधवार को सिविल लाइन थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रामेश्वर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान की वार्षिक सामान्य सभा आज

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान द्वारा आज यानि कि 5 अक्टूबर 2023 गुरूवार को वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन किया जा रहा है। शहर के पन्ना रोड पर स्थित होटल लॉ कैपिटॉल में शाम 6 बजे से यह बैठक होगी जिसमें संस्थान द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों पर चर्चा की जाएगी और आगामी वर्ष में संस्थान द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर विचार-मंथन करते हुए रूपरेखा तैयारी की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्यों के अलावा गणमान्य नागरिकों से शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### दुकारदारो ने हटाया अतिक्रमण



**छतरपुर, देशबन्धु।** छत्रसाल चौक के समीप मौजूद जिला अस्पताल परिसर की 13 दुकानों को तोडक़र सौंदर्यीकरण कराए जाने की प्रशासनिक तैयारियों के तहत पिछले दिनों प्रशासन ने रेडक्रॉस द्वारा किराए पर दी गई इन दुकानों के किराएदारों को नोटिस थमाकर दुकानें खाली करने के निर्देश दिए थे। इस मामले में कुछ दुकानदार हाईकोर्ट से स्टे ले आए हैं साथ ही बुधवार को इन दुकानदारों ने दुकानों के सामने अपने द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटा लिया है। बताया गया है कि दुकानदारों ने दुकानों के बाहर बनी सीढिय़ों को तोड़ दिया है और इसके साथ ही टीनशेड को भी हटा लिया है। बहरहाल यह अभी तय नहीं है कि प्रशासन द्वारा इन दुकानों को तोड़ा जाएगा या नहीं।

### 450 रुपया के सिलेंडर के पंजीयन की अंतिम तिथि आज



छतरपुर। अगर आप भी सीएम शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना की हितग्राही हैं और आपको भी गैस सिलेण्डर 450 रुपए में चाहिए तो आने वाली 5 अक्टूबर तक आपको ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा, जो कि छतरपुर नगर पालिका में निःशुल्क किए जा रह हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने योजना के लिए पात्र महिलाओं से समय-सीमा में पंजीयन कराने की अपील की है। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि उक्त योजना के पंजीयन करने के लिए नगर पालिका कार्यालय में 7 काउंटर बनाए गए हैं जिन पर पंजीयन का कार्य जारी है। इसके अलावा जिन हितग्राहियों को पंजीयन फार्म भरने में समस्या होती है उनकी सहायता के लिए पंजीयन कक्ष के बाहर दो कर्मचारियों को बाहर बैठाया गया है। सीएमओ के मुताबिक अभी तक छतरपुर नगर पालिका में 3500 पंजीयन किए जा चुके हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर है, इसके बाद यदि शासन पंजीयन की तिथि को आगे बढ़ाता है तो जनता को सूचना दी जाएगी।

# मोटर साइकिलें टकराई, 2 की हालत गंभीर



**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा का रहने वाला 18 वर्षीय लल्लू पुत्र हरदयाल कुशवाहा किसी काम से ग्राम गंज जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ग्राम नयाताल के समीप उसकी मोटर साइकिल सामने से आ रही मोटर साइकिल से टकरा गई। दुर्घटना में लल्लू कुशवाहा के अलावा भुमानीदीन विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष, नरेश विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष सहित कुल चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने बिजावर अस्पताल पहुंचाया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## लोडिंग वाहन टैक्सी से टकराया, दर्जनों घायल



**छतरपुर, देशबन्धु।** भगवां थाना क्षेत्र में बीती शाम एक लोडिंग वाहन ने सवारियों से भरी टैक्सी में टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी चालक सहित उसमें सवार करीब आधा दर्जन महिलाएं और पुरुष घायल हो गए। चूंकि घटना स्थल पर एंबुलेंस नहीं पहुंची थी जिस कारण से परिजन निजी वाहनों से घायलों को स्थानीय अस्पताल ले गए थे, जहां से 5 घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडल्या निवासी रामकिशोर आदिवासी ने बताया कि उसका भाई घनश्याम आदिवासी घर से अपनी ससुराल जाने के लिए निकला था। गांव से टैक्सी में सवार होकर जब वह भगवां जा रहा तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार लोडर वाहन ने टैक्सी को टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी चालक के अलावा धनश्याम सहित कुल 7 महिलाएं एवं पुरुष घायल हो गए। दुर्घटना के बाद एंबुलेंस को बुलाने का प्रयास किया गया लेकिन एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंचे जिसके बाद घायलों के परिजन निजी वाहनों से अपने-अपने मरीजों को भगवां अस्पताल ले गए। भगवां में प्राथमिक उपचार के बाद घनश्याम सहित 5 गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया है, जहां उनका इलाज जारी है।

# मतदाता सूची का प्रकाशन



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में जिला स्टैण्डिंग कमैटी की बैठक का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष छतरपुर में किया गया। बैठक में एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर छतरपुर जिले के फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के 4 अक्टूबर को हुए सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ के माध्यम से अंतिम प्रकाशन एवं वाचन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची सौंपी गई।

जिले में 4 अक्टूबर 2023 को हुए अंतिम प्रकाशन के बाद पुरूष मतदाताओं की संख्या 7 लाख 54 हजार 22, महिला मतदाता 6 लाख 64 हजार 770, तृतीय लिंग मतदाता 23 सहित कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 18 हजार 815 है। इसी के साथ जिले का ईपी रेंशो 64.89, जेण्डर रेंशो 882, 18 से 19 वर्ष के मतदाता 57 हजार 916, 80 वर्ष से अधिक के पीडब्ल्यूडी मतदाता 19 हजार 816, दिव्यांग मतदाता 8 हजार 666 हैं। छतरपुर जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या शहरी क्षेत्र में 318, ग्रामीण में 1 हजार 268 सहित कुल 1 हजार 586 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

## आज निकाली जाएगी कलश यात्रा

**खजुराहो, देशबन्धु।** पर्यटन नगर खजुराहो में पित्रपक्ष के अवसर पर नगर के गोल मार्केट परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कथा व्यास पंडित मुकेश शास्त्री के मुखारविंद से पितृपक्ष के अवसर पर पितृ मोक्ष प्रदायिनी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का 5 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक आयोजन किया गया है। उक्त धार्मिक आयोजन की भव्य कलश यात्रा 5 अक्टूबर दिन गुरुवार को शाम 5 बजे से निकाली जाएगी तथा 6 अक्टूबर से कथा प्रारंभ हो जाएगी जो 12 अक्टूबर तक चलेगी, साथ ही 13 अक्टूबर को हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा का समय रोजाना शाम 5 बजे से हरि इच्छा तक रहेगा। इस दिव्य आयोजन में जो भी यजमान अपने पुरखों के लिए पित्र पक्ष का अनुष्ठान करना चाहते हैं वे आयोजकों से संपर्क कर सकते हैं,साथ ही कलश यात्रा में शामिल होने सभी माताएं बहनें तथा श्रद्धालुजन आमंत्रित हैं।

## समाज भवन की आधारशिला रखी

**छतरपुर, देशबन्धु।** राजनगर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झमटुली के आदिवासी मोहल्ले में गत रोज 8 लाख की लागत से बन रहे आदिवासी समाज भवन की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम के अतिथि रहे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के अलावा बिजावर विधायक के पुत्र धनंजय शुक्ला की मौजूदगी में समाज की कन्याओं ने भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बिजावर विधायक के पुत्र धनंजय शुक्ला ने झमटुली में बनाए जा रहे आदिवासी समाज भवन के लिए ग्रामीणों को बधाई दी एवं कहा कि वे तथा उनका परिवार आपकी मदद के लिए हमेशा अग्रणी रहा है और आगे भी रहेगा। आपकी जो भी मांग अथवा समस्यायें हैं वे हम तक पहुंचाएं उनका निराकरण कराना हमारी जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि उक्त समाज भवन का निर्माण जिला पंचायत की निधि से किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर सरपंच पानाबाई राजू पटेल ने उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार जताया। कार्यक्रम में राजनगर जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

घोषणा पर किया जाये अमल

## अतिथि शिक्षक संघ ने ज्ञापन भेज सीएम को दिलाई याद



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले जिले के सैकड़ों अतिथि शिक्षकों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा है कि 2 सितंबर को अतिथि शिक्षकों की प्रदेश स्तरीय महापंचायत में सीएम द्वारा की गई किसी भी घोषणा पर अब तक अमल नहीं हुआ है। अतिथि शिक्षकों ने मांग की है कि आचार संहिता लगने से पूर्व आदेश जारी कर सीएम घोषणाओं पर अमल करें।

ज्ञापन सौंपने पहुंची श्रीमती मंजू पाठक ने बताया कि 2 सितंबर को भोपाल में आयोजित अतिथि शिक्षकों की महापंचायत में सीएम ने अतिथि शिक्षकों का एक साल का अनुबंध करने, आरक्षण देने, बोनस अंक का लाभ देने सहित कई घोषणाएं की थीं लेकिन तकरीबन एक माह बाद उनकी किसी भी घोषणा पर अमल नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रदेश स्तरीय महापंचायत में सीएम ने अतिथि शिक्षकों द्वारा लंबे समय से की जा रही स्थाई करने की प्रमुख पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी और अतिथि शिक्षकों की इस प्रमुख मांग को दरकिनार कर दिया गया। इसी तारतम्य में आज जिले के अतिथि शिक्षकों द्वारा सीएम को ज्ञापन भेजकर सभी मांगों को पूरा करने की मांग की गई है। प्रशासन की ओर से आदित्य सोनकिया ने ज्ञापन लिया और आज ही सीएम कार्यालय भेजने की बात कही। ज्ञापन के माध्यम से जो मांगें की गई हैं उनमें अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों की विभागीय परीक्षा आयोजित कराने, अतिथि शिक्षकों का 12 माह का अनुबंध कराने तथा वर्तमान में प्रमोशन और स्थानान्तरण प्रक्रिया से बहार न करते हुये रिक्त पदों में वरियता के आधार पर रखे जाने, अतिथि शिक्षकों को शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने और बोनस अंक दिये जाने की मांग शामिल है।

## स्वास्थ्य मेले में परीक्षण बाद किया उपचार




**बक्सवाहा, देशबन्धु।** बकस्वाहा में बुधवार को जन स्वास्थ्य मेले का आयोजन केन्द्र सरकार की मंशा अनुरूप किया गया। जिसमें बुंदेलखंड मेडीकल कॉलेज सागर के विशेषज्ञ डाक्टरों एवं जिला छतरपुर के कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थित रहे जिस बीच मरीजों की जांच की गई। इसमें मरीजों को हर संभव इलाज दिया जाना सुनिश्चित है अगर किसी मरीज को गंभीर बीमारी है तो उसे जिला अस्पताल या फिर मेडीकल कॉलेज में भेजा जायेगा ताकि उसका इलाज हो सके।

स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ क्षेत्रिय विधायक कुंवर प्रदुम्न सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में किया गया शुभारंभ के उपरांत उपस्थित अतिथियों में अपने उद्बोधन में भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसी श्रृंखला में अपने उद्बोधन में क्षेत्रिय विधायक ने शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और कहा कि मध्यप्रदेश में छतरपुर जिले को आंकाक्षी जिले की सूची में शामिल किया गया है और बकस्वाहा ब्लाक को जिले की आंकाक्षी सूची में शामिल किया गया है. इससे अब शासन का ध्यान इस क्षेत्र की ओर ज्यादा आकर्षित होगा जिससे यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी साथ ही उन्होंने कहा कि बकस्वाहा में आने वाले समय में 10 करोड़ की लागत से भव्य 04 मंजिला हॉस्पिटल बनाने की बात कही। इसी दौरान विधायक ने बकस्वाहा में पचास लाख की लागत से बनने वाले हेल्थ सेंटर एवं साठ लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र चाची सेमरा का भूमिपूजन भी किया।

### इनका कहना है

प्रदेश में छतरपुर को आंकाक्षी जिला घोषित किया गया है और जिले में बकस्वाहा को आंकाक्षी ब्लाक घोषित किया गया है जिससे बकस्वाहा ब्लाक की ओर ज्यादा ध्यान दिया जायेगा और लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

**प्रद्युम्न सिंह लोधी, विधायक बड़ामलहरा**

## सरपंच से परेशान किसानो का धरना जारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले की गौरिहार तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बजरंगपुर के किसान कलेक्टर कार्यालय के सामने मेला ग्राउंड में पंडाल लगाकर धरना दे रहा है। किसान का आरोप है कि ग्राम पंचायत चौहानी की महिला सरपंच और उसके गुर्गों ने खेतों के पानी की निकासी वाले स्थान पर मिट्टी डलवा दी है जिस कारण से फसलें नष्ट हो गई हैं। किसान का कहना है कि जब तक उसकी समस्या का निदान नहीं होगा तब तक वे धरने पर बैठे रहेंगे।

बजरंगपुर निवासी किसान जयहिंद यादव ने बताया कि पिछले कई दशकों से उसके खेतों का पानी जिस स्थान से निकलता था उस स्थान पर ग्राम पंचायत चौहानी की सरपंच श्रीमती पूनम राजपूत और उसके गुर्गों ने मिट्टी डाल दी है जिसके चलते खेतों के पानी की निकासी नहीं हो पा रही और खेतों में पानी भरने के कारण फसल नष्ट हो गई है। जयहिंद ने बताया कि पूर्व में वह गौरिहार के अधिकारियों से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों से इस आशय की शिकायत कर चुका है लेकिन किसी ने भी उसकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जिस कारण से अब उसने कलेक्टर कार्यालय के सामने अपने साथियों के साथ धरना शुरू किया है। धरना देने से पहले जयहिंद ने कलेक्टर को आवेदन भी दिया। खबर लिखे जाने तक किसान मेलाग्राउंड पर धरने पर बैठा हुआ था।

## मेला जलबिहार में भजन संध्या आज



**छतरपुर, देशबन्धु।** माँ अन्नपूर्णा मंदिर व परिसर को फूलों से सजाकर छप्पन भोग का महाप्रसाद लगाया गया हजारों श्रद्धालु ने महाआरती में शामिल होकर पुण्यलाभ लिया एवं माँ अन्नपूर्णा के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजयामान रहा। महाआरती में मुख्य रूप से श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.बृजेन्द्र सिंह गौतम,महाराजपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह,बुन्देलखण्ड गौशाला समिति के अध्यक्ष संजू तिवारी,महेन्द्र अग्रवाल एवं समाजसेवी राज गुप्ता शामिल हुए। 80वाँ मेला जलबिहार महोत्सव के मंच से प्रतिदिन होने वाले विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ब्लाइंड स्टार म्यूजिक ग्रुप के नेत्रहीन कलाकारों द्वारा विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आर्केस्ट्रा के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी गई,कलाकारों ने पुराने एवं नये गीतों के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को देर रात बांधे रखा तथा नृत्य के माध्यम



से नृत्यांगनाओं ने दर्शकों का मनमोहा। मेला समिति अध्यक्ष नारायण मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत एवं सम्मान किया। मेला जलबिहार महोत्सव में दिनांक 5 अक्टूबर को भजन संध्या की प्रस्तुति खनिज देव सिंह एण्ड ग्रुप द्वारा दी जायेगी,साथ ही देर रात विमानों की विदाई धूमधाम से समिति द्वारा की जाएगी।

जनकपुरी बना छतरपुर का रामचरित मानस प्रांगण

## महंत प्रज्ञा भारती ने सुनाई राम विवाह की कथा






**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के गल्लामंडी क्षेत्र में स्थित श्री रामचरितमानस प्रांगण बीते रोज उस वक्त जनकपुरी में तब्दील हो गया जब यहां चल रही रामकथा में कथा व्यास महंत डॉ प्रज्ञा भारती ने राम विवाह की कथा उपस्थित श्रोताओं को सुनाई।

उल्लेखनीय है कि उक्त रामकथा का आयोजन श्री रामकथा प्रिय मानस गंगा समिति द्वारा किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी, बुंदेलखंड ट्रांसपोर्ट के ऑनर हर्ष अग्रवाल और समाजसेवी डॉ जगन्नाथ मिश्रा ने बतौर अतिथि कथा का श्रवण किया। कथा व्यास डॉ प्रज्ञा भारती ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण के जनकपुर आगमन, पुष्प वाटिका भ्रमण, धनुष यज्ञ और राम विवाह की कथा का मनमोहक वर्णन किया, जिससे उपस्थित श्रोताओं का मन प्रफुल्लित हो उठा। वहीं आयोजन समिति ने बाल कलाकारों के सहयोग से श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की झांकी भी तैयार की थी, जो कि आकर्षण का केन्द्र रही। आयोजन समिति, अतिथियों और श्रोताओं ने पैर पखारने की रस्म अदा करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन में शामिल होने पहुंचे विधायक आलोक चतुर्वेदी ने व्यास पीठ का पूजन करने के उपरांत कथा व्यास से आशीर्वाद लिया और आयोजन समिति को हर संभव मदद करने की बात कही। कथा व्यास डॉ प्रज्ञा भारती के सुमधुर भजनों पर उपस्थित श्रोताओं ने जमकर नृत्य भी किया।

### केयर इंग्लिश स्कूल परिवार ने लिया डॉ प्रज्ञा भारती का आशीर्वाद

शहर के प्रतिष्ठि शैक्षणिक संस्थान केयर इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर मनीष दोसाज ने इन दिनों छतरपुर प्रवास पर चल रहीं श्रीमहंत डॉ प्रज्ञा भारती को अपने निज निवास पर पधारने के लिए आमंत्रित किया, जिसे स्वीकार करने के उपरांत डॉ प्रज्ञा भारती सुबह के समय बस स्टैंड के पास स्थित श्री दोसाज के निवास पर पहुंची। यहां केयर ग्रुप की संस्थापक श्रीमती सुषमा दासोज, डायरेक्टर मनीष दोसाज, रूपल दोसाज, पंकज दोसाज और आदित्य दासोज सहित विद्यालय के स्टाफ और ग्रुप के कर्मचारियों ने दीदी मां डॉ प्रज्ञा भारती का आशीर्वाद लिया। दोसाज परिवार द्वारा वैदिक परंपरा का निर्वाह करते हुए डॉ प्रज्ञा भारती का अभिनंदन किया। वहीं डॉ प्रज्ञा भारती ने आशीर्वचन देकर संपूर्ण केयर ग्रुप को प्रसाद भेंट किया। चाचा की रसोई में भी विधायक आलोक चतुर्वेदी ने रेवा पुत्री महामंडलेश्वर डॉ. प्रज्ञा भारती का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया द्व पूज्य दीदी माँ ने रसोई की व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रसंशा करते हुए कहा की भूखे को रोटी देना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

सागर, गुरूवार 5 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नांदेड़ अस्पताल में मौतों का जिम्मेदार कौन?

एक ओर तो महाराष्ट्र के नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, दूसरी ओर इसे लेकर सियासत तेज़ हो गई है। जिले के विष्णुपुरी में स्थित डॉ. शंकरराव चव्हाण शासकीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पिछले 48 घंटों में 31 मरीजों की मौत हो गई। इनमें लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे थे। दवाओं की कमी से हुई इस हृदयविदारक घटना से जहां सारा देश हतप्रभ है, वहीं अब तक वहां की सरकार न तो राहत पहुंचाती दिख रही है और न ही वह एक्शन मोड में आई है। अस्पताल प्रशासन भी एक तरह से हाथ पर हाथ धरे बैठा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने मंगलवार एक कहा है कि सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है और सरकार को इसके लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। इस मामले को लेकर चौतरफा आलोचना झेल रहे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ किया है कि कोई भी कदम उठाने से पहले वे घटना के बाबत पूरी जानकारी लेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने इसे सरकारी मशीनरी का पूरी तरह से नाकाम होना बताया है।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक श्यामराव वाकोड़े ने बताया कि अनेक ऐसे लोगों की मौतें हुई हैं जिन्हें सांपों ने काटा था या इसी तरह की तकलीफें थीं। अस्पताल को हाफकिन्स इंस्टिट्यूट से दवाएं खरीदनी थीं परन्तु अस्पताल के कई कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण वह नहीं हो सका। अस्पताल के डीन के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा किये गये दुर्व्यवहार से वहां का स्टाफ भी बेहद नाराज़ है। फिलहाल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती हैं जिन्हें देखने वाला कोई नहीं हैं। बताया गया है कि वहां 70 से ज्यादा ऐसे मरीज भर्ती हैं जिनकी हालत गम्भीर है परन्तु दवाएं न मिलने और चिकित्सकों व स्टाफ की कमी से उनका इलाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। औरंगाबाद जिले से स्वास्थ्य अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई है जो वहां स्थिति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

उल्लेखनीय है कि यह घटना ऐसे वक्त पर हो रही है जब केवल दो माह पहले ठाणे जिले के कलवा अस्पताल में हुई घटना को लोग भूले नहीं हैं, जिसमें एक ही रात में 18 लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी यह मामला उठा। इस बदइंतजामी को लेकर कई मंत्री नाराज दिखे। बैठक में अजित पवार की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रहा क्योंकि अपने काम के मामले में अजित पवार बहुत नियमित व अनुशासनप्रिय माने जाते हैं। वे मुंबई में ही थे लेकिन बैठक में शामिल न होना बतलाता है कि वे भी इस मामले को लेकर अपनी ही सरकार से नाराज़ हैं। बड़ी बात नहीं होगी अगर यह विवाद बढ़ जाये।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बीच स्वास्थ्य विभाग क कामकाज को लेकर तनातनी हो गई थी। शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे गुट व भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर बनी सरकार में एनसीपी के अजित पवार भी अपने कुछ साथियों के साथ शामिल हो गये थे। उन्होंने तंज कसते हुए शिंदे से पूछा था कि कलवा अस्पताल के अब क्या हाल हैं? शिंदे इस पर झेंप गये थे। मामला बढ़ने के पहले ही दूसरे उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने बीच-बचाव किया था। नांदेड़ का यह अस्पताल मेडिकल एजुकेशन के अंतर्गत संचालित होता है। इसके विभागीय मंत्री हसन मुशरिफ हैं जो अजित पवार गुट के हैं। दूसरी ओर अस्पतालों को दवाइयां एवं आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग का है। इसके मंत्री तानाजी सावंत हैं जो एकनाथ शिंदे गुट के हैं। नांदेड़ अस्पताल की इन मौतों ने दो मंत्रियों को भी आमने-सामने ला खड़ा किया है।

इस तरह देखें तो नांदेड़ में हुए मौत के तांडव के पीछे एक ही सरकार के भीतर कार्यरत दो अलग-अलग धड़ों के मंत्री हैं और उनमें से कोई भी न तो इस बेहद गम्भीर चूक का दोष स्वीकारने के लिये तैयार है और न ही मिलकर वहां की स्थिति सुधारने का इच्छुक दिखलाई पड़ता है। भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे दोनों ही गुट (शिवसेना का शिंदे गुट व एनसीपी का अजित पवार गुट) नांदेड़ में लोगों के आंसू पोंछने की बजाय मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे को लेकर व्यस्त हैं। इसे लेकर शिंदे और फडनवीस की जल्दी ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात होने जा रही है। मंत्रिमंडल के 14 पद रिक्त हैं जिनके लिये तीनों ही धड़ों के बीच जोर आजमाईश जारी है। इसलिये सम्भव है कि मौजूदा दौर की क्रूर व निर्मोही राजनीति के पास नांदेड़ जैसे मामले पर ध्यान देने का वक्त ही न हो।

नांदेड़ अस्पताल में जो हुआ और हो रहा है, वह बहुत ही दर्दनाक है जो बतलाता है कि जिस तरह की जोड़-तोड़ से यह सरकार बनी है उसके पास कुशल प्रशासकीय क्षमता का अभाव तो है ही और जिस प्रकार से अलग-अलग धड़ों के मंत्रियों के बीच खींचतान हो रही है उससे भुगतना तो जनता को ही पड़ेगा। कलवा अस्पताल वाले मामले से कोई सबक न लेकर नांदेड़ अस्पताल जैसे कांड का इंतज़ार करने वाली महाराष्ट्र सरकार से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि उसके लिये लोगों की जान से बढ़कर सरकार बनाना और महत्वपूर्ण पद अपने धड़ों के विधायकों को दिलवाना मात्र है। फिर भी आशा की जाये कि सरकार वहां की स्थिति को तुरंत सम्भाले और लोगों को अकारण मौतों का शिकार होने से बचाये।

# कमजोर होती याददाश्त के खतरे

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

पिछले 9-10 सालों में हिंदुस्तानियों की याददाश्त काफी कमजोर हो गई है। इसकी क्या वैज्ञानिक, राजनैतिक और सामाजिक वजहें हैं, इनके कारणों की पड़ताल गंभीरता से करना चाहिए। क्योंकि याददाश्त कमजोर होने का खामियाजा पूरे देश को उठाना पड़ रहा है। अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अमेरिका में एक कार्यक्रम में मोदी सरकार में भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर सवाल उठाया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने सवाल पूछने वाले से ही मांग कर दी कि मुझे भेदभाव दिखाओ। फिर जयशंकर ने अपने टालमटोल वाले जवाब में कहा कि निष्पक्ष और सुशासन या समाज के संतुलन की कसौटी क्या है? सुविधाओं, लाभों, पहुंच, और अधिकारों के मामले में आप भेदभाव करते हैं या नहीं, यही कसौटी होती है और दुनिया के हर समाज में, किसी न किसी आधार पर, कुछ न कुछ भेदभाव होता ही है।

हमारे विदेश मंत्री ज्ञानी व्यक्ति हैं, उनकी स्मरण शक्ति भी प्रखर ही होगी। लेकिन वो इस सितंबर को ही संसद के भीतर बसपा सांसद दानिश अली के लिए कहे गए अपशब्दों को कैसे भूल गए। क्या इसलिए कि संसद की मर्यादा तोड़ने और अपने विरोधी सांसद को अपशब्द कहने का काम भाजपा के सांसद ने किया। विदेश मंत्री यह भी भूल गए कि इस देश में किस तरह बाकायदा धर्मसंसदें आयोजित कर अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समाज को उकसाया जाता रहा है। मणिपुर में हिंसा का तांडव पिछले पांच महीनों से जारी है, एस. जयशंकर इसे भी सुविधापूर्वक भूल गए। आखिर मणिपुर में अशांति पनपने की सबसे बड़ी वजह भेदभाव का डर ही तो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मणिपुर को भूले ही हुए हैं। वे देश के कई राज्यों में जा रहे हैं, खासकर चुनावी राज्यों में उनकी आमदरफ्त बढ़ गई है। लेकिन मणिपुर जाने का रास्ता उन्हें याद ही नहीं आ रहा। श्री मोदी से भी अमेरिका यात्रा के वक्त हुई प्रेस कांफ्रेंस में अल्पसंख्यकों से भेदभाव का सवाल वॉल स्ट्रीट जर्नल की पत्रकार सबरीना ने पूछा था। और तब भी इसी तरह का गोलमोल जवाब श्री मोदी ने दिया था। उन्होंने कहा था कि मुझे वास्तव में आश्चर्य होता है जब लोग ऐसा कहते हैं। भारत तो लोकतंत्र है ही। लोकतंत्र हमारी रगों में है। हम लोकतंत्र जीते हैं। हमारे पूर्वजों ने इस बात को शब्दों में ढाला है। ये हमारा संविधान है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाए गए संविधान पर ही चलती है। सवाल हुआ था धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव पर और सवाल को भुलाते हुए श्री मोदी संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देने लगे। अब ऐसा किया ही था तो कुछ समय तो उस बात पर टिके रहते। जून में दिए गए इस जवाब के तीन ही महीने बाद संसद के भीतर उनकी पार्टी के एक सांसद ने दूसरी पार्टी के सांसद को अपशब्द कहे और तब प्रधानमंत्री को न संविधान याद आया, न लोकतंत्र। उन्होंने इस घटना पर आज तक कुछ नहीं कहा, जबकि पीड़ित सांसद दानिश अली ने उन्हें खत लिखकर कहा भी कि आपकी चुप्पी को दुनिया देख रही है। लेकिन सत्ता मद में शायद मोदीजी को दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा भी याद नहीं रही है।

देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है।

श्री मोदी और उनके विदेश मंत्री श्री जयशंकर ने जिस तरह अमेरिका जाकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव की बात को नकार दिया है, यह उनकी कमजोर होती स्मरण शक्ति की निशानी है या फिर राजनैतिक मजबूरी, इस बारे में वही बेहतर बता सकते हैं। अभी श्री मोदी राजस्थान चुनाव प्रचार के लिए चित्तौड़गढ़ गए तो वहां उन्हें उदयपुर में नफरत का शिकार बने दर्जी कन्हैयालाल की याद आ गई। लेकिन उन्हें इसी राजस्थान में ऐसी ही बेरहमी से मारे गए मजदूर मो. अफराजुल की याद नहीं आई। उन्हें पिछले 9 सालों में इसी तरह की नफरत का शिकार बने और निर्दोष लोग याद नहीं आए। बात करनी ही थी, तो प्रधानमंत्री ऐसी हरेक हत्या पर अफसोस जताते, लेकिन उन्होंने यहां चुनावी हिसाब से घटना को याद किया। याददाश्त का कमजोर पड़ना बुरा है, लेकिन सुविधा के हिसाब के कुछ बातों का याद आना और कुछ का भूल जाना और भी बुरा है।

प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अगर भविष्य में फिर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव पर सवाल किया जाए, तो उनके लिए एक प्रसंग गुजरात से उपस्थित हुआ है। जहां एक स्कूल में हिंदू छात्रों को नमाज पढ़ाने के आरोप पर दक्षिणपंथी लोगों ने प्रदर्शन किया और इसमें एक शिक्षक की पिटाई भी कर दी। अहमदाबाद के कैरोलेक्स फ्यूचर स्कूल में 29 सितंबर की ये घटना बताई जा रही है, जिस पर सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। स्कूल प्रशासन ने इस घटना पर माफी तो मांग ही ली है, साथ ही बताया है कि किसी भी छात्र को नमाज पढ़ने के लिए जबरदस्ती नहीं की गई थी। बल्कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न धर्मों की प्रथाओं से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम का एक वीडियो भी फेसबुक पर डाला गया था, जिस में बच्चे लब पे आती है दुआ, गाते हुए दिखते हैं। इकबाल की इस मशहूर प्रार्थना को करवाने पर बरेली के एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक को निलंबित कर दिया गया था। अब इसी प्रार्थना और नमाज पढ़ने पर गुजरात में दक्षिणपंथियों को तो कानून हाथ में लेने का मौका मिल गया। गौर से देखा जाए तो ऐसे कार्यक्रम में कुछ भी गैरकानूनी नहीं है, क्योंकि सर्वधर्म सद्भाव तो इस देश की नींव में रहा है और स्कूल इसे ही मजबूत कर रहा था। देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है। मगर पूरी सड़क घेर कर दुर्गा या गणेश के पंडाल लगाए जाएं, दिन-रात कानफोड़ू संगीत बजाया जाए, रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट या बीच चौराहे पर घेरा बनाकर गरबा किया जाए, तब किसी को आपत्ति नहीं होती। गुजरात के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पनशेरिया ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर कुछ लोग राज्य का शांतिपूर्ण माहौल खराब करना चाहते हैं। मंत्री महोदय की राय में शांतिपूर्ण माहौल की परिभाषा क्या है और नमाज कैसे पढ़ी जाती है, इसे सिखाने पर माहौल कैसे खराब होता है, ये समझना कठिन नहीं है। शायद शिक्षा मंत्री की याददाश्त से बिलकिस बानो प्रकरण मिट चुका है। जहां बलात्कार और हत्या के दोषियों की रिहाई होती है और फिर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया जाता है। उन्हें संस्कारी बताया जाता है। ऐसे संस्कारी लोगों से माहौल खराब होता है या दूसरे धर्म के तौर-तरीकों को सीखने से, यह सवाल अगर याद रह जाए, तो भाजपा सरकार के मंत्रियों को इसका जवाब ढूंढने की कोशिश करना चाहिए। देश में याददाश्त कमजोर करने में बड़ी भूमिका मुख्यधारा का मीडिया भी निभा रहा है। जो हर दिन सुबह-शाम नए-नए पैंतरों में लिपटी खबरों का धमाका करता है। एक खबर को लोग याद रखें या उस पर चर्चा करें, उससे पहले कोई नयी खबर आ जाती है। अगर खबर सत्ताविरोधी हुई, तब तो उसे भुलाने के लिए एलियंस या अवतारी पुरुषों को दिखाने से बी मीडिया परहेज नहीं करता। इस मीडिया की फिक्र यही है कि जनता को भूले से भी सरकार की कोई कमजोरी, कोई पुराना वादा, कोई गलती याद न रहे। केवल ये याद रहे कि असली आजादी 2014 के बाद मिली और देश का विकास 2047 तक हो जाएगा। भुलाने और भुलावे के इस खेल में अपनी याददाश्त कैसे दुरुस्त रखना है, ये जनता खुद तय करे।

# लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है चुनावी बांड पर निर्णय में देरी

■ नित्य चक्रवर्ती

एक बार फिर भारत सरकार ने 4 अक्टूबर से दस दिनों तक चलने वाले चुनावी बांड की 28वीं किश्त की बिक्री को मंजूरी दे दी है और हमेशा की तरह ऐसा ठीक चुनावों के पहले किया जा रहा है जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कुछ हफ्ते ही रह गये हैं। इस बार भी भाजपा को अपने चुनाव अभियान में एक और बड़ा इनाम मिलेगा क्योंकि लगभग 80 से 90 प्रतिशत धन सत्तारूढ़ पार्टी को जाता है। केंद्र शर्मनाक तरीके से मौजूदा चुनावी बांड नियमों को अन्य विपक्षी दलों की कीमत पर भाजपा के पक्ष में इस्तेमाल करने की इजाजत दे रहा है लेकिन फिर भी सुप्रीम कोर्ट अब भी उस याचिका पर सुनवाई में देरी कर रहा है जो लंबे समय से लंबित है।

चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

मूल चुनावी बांड योजना 2017 को 2018 में कई याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी। लेकिन इस साल अप्रैल में ही, मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने संकेत दिया था कि वह सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ की स्थापना के बारे में फैसला करेंगे। याचिकाएं पर उसके बाद कोई सुनवाई नहीं हुई।

चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

नियमों के अनुसार, बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनावों से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी।

जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक, मध्यप्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायकों को खरीदा है। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धनराशि जुटाई गई थी।

इसके बाद वहां शिंदे-भाजपा की सरकार बनी। विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने के इन सभी कदमों में, भाजपा ने कॉर्पोरेट दान, चुनावी बांड के पैसे के साथ-साथ विदेशी दान के माध्यम से जुटाये गये अपने विशाल उपलब्ध धन का उपयोग किया। कॉरपोरेट्स के चुनावी ट्रस्टों ने भी राजनीतिक दलों को धन दिया और वहां भी, भाजपा ने हाल के वर्षों में 80 प्रतिशत से अधिक धन जुटाया।

बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग करना भाजपा के लिए एक रास्ता है क्योंकि जो कंपनियां दान देती हैं वे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को नाराज नहीं करना चाहती हैं और आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह तब स्पष्ट हुआ जब बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज पिछले साल राहुल गांधी के साथ बातचीत के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संभावित प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के प्रति आशंकित थे। भारतीय कॉरपोरेट्स के बीच यह डर इतना जबरदस्त है कि औद्योगिक घरानों के युवा वंशज, जो दूरदर्शी हैं और भाजपा को पसंद नहीं करते हैं, चुप रहते हैं क्योंकि वे सिर्फ कुछ उदारवादियों के लिए अपनी कंपनियों के भविष्य को जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हैं।

कुल मिलाकर नतीजा यह है कि चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है।

नरेंद्र मोदी शासन के पिछले नौ वर्षों में, भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में धन का असामान्य संकेंद्रण हुआ है। एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भारत की बीस सबसे अधिक लाभदायक कंपनियों ने 1990 में कुल कॉर्पोरेट मुनाफे का 14 प्रतिशत, 2010 में 30प्रतिशत और 2019 में 70प्रतिशत अर्जित किया।

इसका मतलब यह है कि नरेंद्र मोदी के शासन के पहले पांच वर्षों के दौरान कुछ कॉर्पोरेट घरानों में धन के संकेंद्रण में भारी उछाल आया। पिछले चार वर्षों में यह प्रक्रिया और तेज हुई है। यह सत्तारूढ़ दल भाजपा और बड़े उद्योगपतियों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग का परिणाम है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्तमान शासन के दौरान लाभ हुआ है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटकों को भारतीय धनी पूंजीपतियों और नरेंद्र मोदी शासन के बीच इस बदले की भावना पर ध्यान केंद्रित करना होगा और इस बात की जांच की मांग करनी होगी कि कैसे बड़े कॉरपोरेट अपनी दीर्घकालिक व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को वित्त पोषित कर रहे हैं।

उनके कानूनी विशेषज्ञों को सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की शीघ्र सुनवाई पर जोर देना चाहिए ताकि विद्वान न्यायाधीश कम से कम अंतिम निपटान तक चुनावी बांड योजना पर रोक लगाने का आदेश दे सकें। चुनाव लड़ने वाले दलों के बीच समान अवसर स्थापित करके देश में लोकतंत्र को कायम रखने के लिए यह जरूरी है।

**पावन प्रसंग**

## युवाओं को दी नई दिशा

आंखों में उम्मीद के,सपने. नई उड़ान भरता हुआ मन, कुछ कर दिखाने का दमखम और दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का साहस रखने वाला युवा कहा जाता है। युवा शब्द ही मन में उड़ान और उमंग पैदा करता है। उम्र का यही दौर वह दौर है, जब न केवल उस युवा का बल्कि उसके राष्ट्र का भविष्य तय किया जा सकता है। आज के भारत को युवा भारत कहा जाता है; क्योंकि हमारे देश में असंभव को संभव में बदलने वाले युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ों के अनुसार भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष आयु तक के युवकों की और 25 साल तक की उम्र के नौजवानों की संख्या 50 प्रतिशत से भी अधिक है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि युवाशक्ति वरदान है या चुनौती? महत्वपूर्ण इसलिए भी कि यदि युवाशक्ति का सही दिशा में उपयोग न किया जाए तो इनका जरा सा भी भटकाव राष्ट्र के भविष्य को अनिश्चित कर सकता है। आज का एक सत्य यह भी है कि युवा बहुत मनमानी करते हैं और किसी की सुनते नहीं। दिशाहीनता की इस स्थिति में युवाओं की ऊर्जा नकारात्मक दिशा में भटकाव होता जा रहा है। लक्ष्यहीनता के माहौल ने युवाओं को इतना दिग्भ्रमित करके रख दिया है कि उन्हें सूझ ही नहीं पड़ रहा कि करना क्या है, हो क्या रहा है और आखिर उनका होगा क्या?

आज से दो-तीन दशक पूर्व तक साधन-सुविघाओं से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों में 'सुखार्थिन: कुतो विद्या, विद्यार्थिन: कुतो सुखम्' के भावों के साथ जीवन निर्माण की परंपरा बनी हुई थी और ऐसे में जो पीढ़ियां हाल के वर्षों में नाम कमा पाई हैं, अब ऐसा संभव नहीं। धैर्य की कमी, आत्मकेंद्रिता, नशा, लालच, हिंसाआदि बातें जैसे उनके स्वभाव का अंग बनती जा रही हैं। नशे से युवाओं की असमय मृत्यु चिंताजनक बात हो गई है। जानकारी के अनुसार आजकल के बालकों को मित्र मंडली उन तमाम व्यसनों से घिरी थी, जिसे अब बुरा नहीं, आधुनिकता का पर्याय माना जाता है।

आजकल के किशोर स्कूली छात्र की उम्र में नशे के आदी हो जाते हैं। पिता अपने कार्य में व्यस्त रहते हैं, इसलिए पुत्र को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। परिणाम ऐसा भयंकर आता है कि वे अपने पुत्रों से वंचित हो जाते हैं। केवल एक बालक की बात नहीं, एक ताजा शोध के अनुसार अब युवा अधिक रुखे स्वभाव के भी हो गए हैं। वे किसी से घुलते-मिलते नहीं।

इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग के इस युग में रोजमर्रा की जिंदगी में आमने-सामने के लोगों से रिश्ते जोड़ने की अहमियत कम हो गई है। क्या यह सत्य नहीं कि आज की पीढ़ी जो कुछ सीख पाई है, उसमें हमारा दोष सर्वाधिक है। इन परिवेशीय हालातों में अंकुरित और पल्लवित नई पीढ़ी को न संस्कारों की खाद मिल पाई, न स्वस्थ विकास के लिए जरूरी वातावरण। मिला सिर्फ प्रदूषित माहौल और नकारात्मक भावभूमि। आज का युवा अधिकतर मामलों में नकारात्मक मानसिकता के साथ जीने लगा है।

उसे दूर-दूर तक कहीं कोई रोशनी की किरण नजर नहीं आ रही है। वर्तमान स्थिति के लिए हमारे स्वार्थ और समझौते जिम्मेदार हैं, जिनकी वजह से हमने सिद्धांतों को छोड़, आदर्शों से किनारा कर लिया और नैतिक मूल्य तक दांव पर लगा दिए। वह भी किसलिए? सिर्फ और सिर्फ अपनी वाहवाही कराने या अपने नाम से माल बनाने। हालात भयावह होते जा रहे हैं, हमें इसका अंदाजा नहीं लग पा रहा है, क्योंकि हमारी बुद्धि कुंद हो गई है। यदि आज वे नहीं चेत पाते तो कल अवश्य बहुत देर हो जाएगी। युवाओं को अपनी संस्कृति एवं मूल्यों के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि वे स्वयं के प्रति सचेष्ट एवं जागरुक एवं विकासोन्मुखी हो सकें।

**अखंड ज्योति**

**आपके पत्र**

## कृषि प्रधान देश में बेरोज़गार किसान

किसी देश के विकास में आने वाली समस्याओं में एक प्रमुख समस्या बेरोज़गारी है। भारत जैसे विशाल देश में आज भी कई छोटे- छोटे गांव ऐसे हैं जहां नौजवानों की एक बड़ी आबादी बेरोज़गार है। नौकरी के लिए या तो उनके पास कोई स्रोत नहीं है या फिर उन्हें शहरों के लिए पलायन करनी पड़ रही है। देश की बढ़ती जनसंख्या कारण रोज़गार की मांग में भी दिन-ब-दिन इज़ाफ़ा होता जा रहा है। लोगों को पर्याप्त रोज़गार नहीं मिलने का एक परिणाम यह भी है कि देश में गरीबी का आंकड़ा संतोषजनक रूप से कम नहीं हो रहा है। वर्तमान में, एक तरफ जहां भारत विश्व मानचित्र पर विकसित देश के रूप में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसी देश के छोटे छोटे गांवों में लोग आज भी खेती और पशुपालन पर ही निर्भर हैं। अब तो जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेती में भी दिखने लगा है। जहां पहले की अपेक्षा खेती में उत्पादन प्रभावित होने लगा है।

इसकी एक मिसाल राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर गांव भी है। पहले से ही गर्मी और सूखे की मार झेल रहे इस गांव के किसानों के खेत पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने के कारण सूख रहे हैं। जिसके कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है और पूरी मेहनत के बावजूद उन्हें उनकी फसल की लागत भी नहीं मिल पा रहा है। इसका सबसे अधिक प्रभाव आर्थिक रूप से छोटे स्तर के किसानों को हो रहा है जो खेती के साथ-साथ परिवार का पेट पालने के लिए दिहाड़ी मज़दूर के रूप में भी काम करने को मजबूर हैं। इस गांव में लगभग 130 घर हैं। जिनमें केवल 2-3 घर ही ऐसे हैं जिनके सदस्य सरकारी नौकरी में हैं। शेष सभी या तो खेती का काम करते हैं अथवा पशुपालन के माध्यम से आय अर्जित करते हैं। गांव वालों के अनुसार साल में केवल एक बार जुलाई से अक्टूबर माह के दौरान वह खेती से जुड़े काम करते हैं और अक्टूबर में फसल कटाई के बाद बेरोज़गारी की समस्या से जूझते हैं। लेकिन इसमें भी एक मुख्य समस्या यह है कि साल में एक बार हो रही खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर करती है। यदि समय पर बारिश न हुई तो फसल पूरी तरह से तबाह होने के कगार पर पहुंच जाती है। आर्थिक रूप से संपन्न कुछ किसान तो इस दौरान खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन छोटे स्तर के किसान को आर्थिक नुकसान के अलावा कुछ नहीं मिलता है और न ही उनके पास रोज़गार के ऐसे दूसरे साधन होते हैं जिससे वह अपने आर्थिक नुकसान की भरपाई कर सकें। गांव के ही एक किसान प्रभुराम शर्मा कहते हैं कि यदि लूणकरणसर में कोई उद्योग स्थापित हो जाए तो छोटे स्तर के किसानों के लिए आय का दूसरा स्रोत खुल सकता है। कृषि से कम आमदनी और रोज़गार की कमी का प्रभाव गांव की महिलाओं और किशोरियों के जीवन पर भी पड़ रहा है। कई महिलाएं और किशोरियां घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सिलाई का काम करती हैं। गांव की गीता कहती है कि उसके पिता कृषि का काम करते हैं, लेकिन खेती से इतनी आमदनी नहीं हो पाती है कि साल भर घर का खर्च निकल सके। ऐसे में उसे अपनी पढ़ाई छोड़कर सिलाई का काम शुरू करना पड़ा। वह गांव की महिलाओं के कपड़े सिलकर महीने में दो हज़ार रूपए तक कमा लेती है और घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने में मदद करती है। वह कहती है कि गांव की आबादी छोटी होने के कारण उसे सिलाई में भी बहुत अधिक लाभ नहीं मिल पाता है। अलबत्ता शादी विवाह और तीज त्यौहार के मौसम में उसे कपड़े सिलकर आठ हज़ार रूपए तक की अच्छी आमदनी हो जाती है। घर के आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए गीता का भाई भी शहर में नौकरी करता है।

बहरहाल, राजस्थान के किसानों की समस्या का हल ज़रूरी है क्योंकि एक तरफ जहां इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी वहीं गांव भी सशक्त बनेगा। ऐसे में ज़रूरी है कि उनकी समस्याओं का स्थायी हल निकाला जाए। बारिश की कमी को पूरा करने के लिए अन्य विकल्पों पर ध्यान दिया जाए ताकि किसानों को कृषि छोड़कर मज़दूरी न करनी पड़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देगी।

**मनीषा / मोनिका, लूणकरणसर, राजस्थान**

देशबन्धु

## भोपाल गैस त्रासदी: 36 वर्ष बाद पहली बार डाउ की दलील

# भोपाल की अदालत को सुनवाई का अधिकार नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल गैस त्रासदी मामले में डाउ केमिकल (यूनियन कार्बाइड) के वकील पहली बार जिला अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत में कंपनी का पक्ष रखते हुए कहा कि भोपाल की अदालत के पास अमेरिकी कंपनी के खिलाफ मामले की सुनवाई का जूरिडिक्शन (न्यायिक क्षेत्राधिकार) नहीं है। वकीलों ने अदालत से विस्तृत आपत्ति आवेदन दर्ज करने के लिए और समय मांगा। इस पर जिला अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 25 नवंबर तय की है।

भोपाल गैस कांड जैसी भीषण औद्योगिक त्रासदी के लिए जिम्मेदार विदेशी कंपनी डाउ केमिकल ने इस मामले में अपराध दर्ज होने के 36 वर्ष बाद मंगलवार को जिला अदालत में उपस्थिति दी। न्यायाधीश विधान माहेश्वरी की अदालत में कंपनी की ओर से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र श्रीवास्तव और भोपाल के वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप गुप्ता उपस्थित हुए। दोनों ने उपस्थिति पत्रक व आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किया। आपत्ति आवेदन में तर्क दिया कि द-डाउ केमिकल कंपनी अमेरिका में है। इसलिए भोपाल के न्यायालय के क्षेत्राधिकार में नहीं आती है। लिहाजा कंपनी के खिलाफ प्रकरण चलाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अगली तारीख को विस्तृत आपत्ति पेश करेंगे। इस पर सीबीआई के वकील ने कोई आपत्ति नहीं की। लेकिन याचिकाकर्ता के वकील अविसिंह ने आपत्ति ली। उनका कहना था कि 2004 में उच्च न्यायालय से जूरिडिक्शन (न्यायिक क्षेत्राधिकार) के मुद्दे पर इनकी याचिका खारिज की गई थी। ऐसे में अब न्यायिक क्षेत्राधिकार को चुनौती नहीं दे सकते। इसके जवाब में एडवोकेट गुप्ता ने कहा कि जब याचिका खारिज हुई तब वह डाउ इंडिया लिमिटेड सिंगापुर की कंपनी थी। अब यह डाउ केमिकल प्राइवेट लिमिटेड अमेरिका की कंपनी है। इसलिए हमें न्यायिक क्षेत्राधिकार को चुनौती देने का पूरा अधिकार है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तारीख तय की।

उल्लेखनीय है कि दो-तीन दिसंबर 1984 की रात को जेपी नगर स्थित यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस का रिसाव हुआ था। जिसमें हजारों लोग मारे गए थे ओर लाखों लोग प्रभावित हुए थे। यह विश्व की भीषणतम औद्योगिक त्रासदी में से एक थी। त्रासदी के बाद उक्त घटना को लेकर आपराधिक प्रकरण 304-ए के अंतर्गत दर्ज किया था, जिसमें अभियुक्त यूनियन कार्बाइड को आरोपी बनाया था लेकिन उक्त कंपनी के प्रतिनिधि या उसकी ओर से कोई भी अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए थे तो न्यायालय ने उसे फरार घोषित किया था। इसके बाद सीबीआइ और भोपाल ग्रुप फार इन्फार्मेशन एंड एक्शन व गैस पीड़ित संगठनों की ओर से एक आवेदन प्रस्तुत किया गया कि यूनियन कार्बाइड को अमेरिका कंपनी ने खरीद लिया है। साथ ही अब उसका नया नाम द-डाउ केमिकल कंपनी हो गया है, इसीलिए प्रकरण में उसे आरोपी बनाया जाए। उक्त आवेदन पर न्यायाधीश विधान माहेश्वरी की अदालत कंपनी को डाउ केमिकल को 7 समन जारी कर चुकी थी।

### गैस पीड़ितों को इंसाफ मिलने की उम्मीद: रशीदा

गैस पीड़ित महिला कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी ने बताया कि आज हिंदुस्तान में पहली बार विदेशी कंपनी अदालत में हाजिर हुई है। हमारी जीत यह है कि इस मामले को लेकर अमेरिका के सांसदों को पत्र लिखना पड़ा। जिसके चलते कंपनी भोपाल की अदालत में पेश हुई। उम्मीद है कि वे आगे भी पेश होंगे और भोपाल के गैस पीड़ितों को इंसाफ मिलेगा।

# नई समय सारणी जारी, 11 ट्रेनों के समय में किया बदलाव



**भोपाल, देशबन्धु।** रेलवे ने नई समय सारणी लागू की है। इसमें कई ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है।

नई समय-सारणी के अनुसार रानी कमलापति-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस पूर्व समय दोपहर 3.15 बजे के स्थान पर 3.10 बजे रानी कमलापति से रवाना होगी, जबकि रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस पूर्व समय सुबह 5.10 बजे के स्थान पर 5.15 बजे रानी कमलापति स्टेशन से रवाना होगी। वहीं जबलपुर-रानी कमलापति जन शताब्दी एक्सप्रेस पूर्व समय सुबह 11 बजे के स्थान पर 11.15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचेगी। इसी प्रकार भोपाल-बीना मेमू स्पेशल पूर्व समय सुबह 10.50 बजे के स्थान पर 10.45 बजे बीना स्टेशन पर पहुंचेगी। इसके साथ ही एलटीटी-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस पूर्व समय 3 बजे के स्थान पर 2.30 बजे भोपाल स्टेशन से रवाना होगी, जबकि एलटीटी-आगरा कैंट लश्कर एक्सप्रेस पूर्व समय सुबह 5.45 बजे के स्थान पर 5.50 बजे रानी कमलापति स्टेशन से रवाना होगी। वहीं एलटीटी-सीतापुर एक्सप्रेस पूर्व समय सुबह 5.40 बजे के स्थान पर 6 बजे भोपाल स्टेशन से रवाना होगी और एलटीटी-प्रतापगढ़ एक्सप्रेस पूर्व समय सुबह 5.40 बजे के स्थान पर 6 बजे भोपाल स्टेशन से रवाना होगी। इसी तरह सीएसएमटी-अमृतसर एक्सप्रेस पूर्व समय दोपहर 3.35 बजे के स्थान पर 3.30 बजे भोपाल स्टेशन से रवाना होगी। वहीं बीना-नागदा एक्सप्रेस पूर्व समय सुबह 6.50 बजे के स्थान पर 7.20 बजे बीना स्टेशन से रवाना होगी, जबकि बीना-कोटा एक्सप्रेस पूर्व समय सुबह 10.40 बजे के स्थान पर 11 बजे बीना स्टेशन से रवाना होगी।

## संगोष्ठी में किसानों को बताए उत्पादन वृद्धि के गुर

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्टीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) एवं बाएफ संस्था द्वारा प्रायोजित तरवाली इनोवेटिव किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड द्वारा कडैया चवर मे किसानो की वार्षिक आमसभा एवं किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों को पशुपालन एवं जैविक खेती कर अपनी आय बढ़ाने के लिए जानकारियाँ दी गई। किसानों को बताया गया कि किस तरह वह अपने लिए उपयोग किए जाने वाले संसाधनों का प्रयोग एक दूसरे संसाधनों का उपयोग कर सकते है और रासायनिक खेती को छोड़कर जैविक खेती कर अपनी आय बढ़ा सकते है । विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि आप रासायनिक दवाइयों को छोड़कर जैविक खाद का उपयोग करिए जिससे आपकी खेत की मिट्टी और ज्यादा उर्वरक होकर उन्नत उत्पादन देगी । किसानों की पशुपालन व डेरी क्षेत्र में सूक्ष्म उद्योग की जानकारी दी गयी। संगोष्ठी में मुख्य रूप से डॉ प्रकाश अम्बलकर सीईए भोपाल, अभिराज बीएआईएफ भोपाल, प्रमोद मीणा, ऋषभ एचडीएफसी बैंक, भगबत सिंह जादोन, रामनारायण गुर्जर एफपीओ सीईओ, श्यामलाल गौर अध्यक्ष, भगवान सिंह गुर्जर उपाध्यक्ष, अनूप गुर्जर अन्य इनोवेटिव किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के सभी सदस्य किसान उपस्थित रहे ।

# विवाहिता को नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में एक विवाहत महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है ।

बागसेवनिया पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय विवाहित महिला की तीन साल पहले इंटरनेट मीडिया पर विनय भारती नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान महिला ने विनय को बताया कि वह नौकरी करना चाहती है। इस पर विनय ने कहा कि वह नौकरी दिला सकता है। इसके बाद दोनों में नजदीकियां और भी बढ़ गईं। कुछ दिन बाद ही विनय घुमाने के बहाने महिला को बागसेवनिया इलाके के एक होटल में लेकर गया। यहां पर उसने महिला को नशीला पदार्थ पिलाने के बाद उसके साथ गलत काम किया। इस दौरान विनय ने महिला के अश्लील तस्वीरें भी खीच ली थी। बाद में वह इन तस्वीरों को प्रसारित करने की धमकी देकर संबंध रखने के लिए दबाव बनाने लगा। जब महिला ने इनकार किया तो आरोपी ने कुछ दिन पहले महिला के पति को पूरा घटनाक्रम बता दिया। जब पति ने महिला से इस बारे में पूछा तब उसने सारी वस्तुस्थिति बताई और थाने पहुंचकर आरोपी विनय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर और नर्स के संबंध में जांच दल गठित

**सागर, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय में 30 अगस्त को इलाज के दौरान मरीज नित्या कुशवाहा पिता आशाराम कुशवाहा निवासी ग्राम पटकुई मार्ग के परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय में कार्यरत डॉक्टर एवं नर्सों द्वारा मरीज के इलाज में घोर लापरवाही तथा ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर, नर्सों द्वारा अपने आईडी कार्ड या ड्रेस पर नेम प्लेट नहीं लगाये थे के आरोप लगाये गये है। मृतिका की जॉच के संबंध में समस्त दस्तावेज दिलाये जावे और मृतिका की मृत्यु किस कारण हुई की जांच किये जाने के अनुसार अधिकारी को उपरोक्त जांच सौंपी है। जांच दल में डिप्टी कलेक्टर विनय द्विवेदी, सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ अभिषेक ठाकुर रहेगें। उक्त जांच 15 दिवस में पूर्ण कर प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए।

## आरसी दुबे व मुकेश जैन बने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष

**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह की अनुशंसा पर शासकीय महाविद्यालय मालथौन व शासकीय महाविद्यालय बांदरी में जनभागीदारी समितियों के अध्यक्ष के पद पर क्रमशः आरसी दुबे व मुकेश जैन को मनोनीत किया गया है।


**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**
**कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-भोपाल**
**पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)**
**दूरभाष : 0755-2673195, E-mail : laghubpl2@gmail.com**
**क्र. : लउनि/निर्माण/संभाग/भोपाल/2023-24/18    भोपाल, दिनांक : 04.10.2023**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है :- **कार्य का नाम-** 1. नवीन औद्योगिक क्षेत्र ग्राम रीठौर तहसील-खुरई, जिला-सागर में सी.सी. रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, ह्यूम पाइप कल्वर्ट एवं साइन बोर्ड निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 286.63 लाख। 2. नवीन औद्योगिक क्षेत्र ग्राम रीठौर तहसील-खुरई, जिला-सागर में ओवरहेड टैंक, सम्पवेल, जलप्रदाय मय ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 69.00 लाख। निविदाओं की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 31.10.2023 सायं 05.30 बजे।** निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेंगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/112389/2023    **महाप्रबंधक (सं./नि.)**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् छतरपुर म.प्र**
क्रमांक / 9678 / दु.रा.शा./ न.पा. छ./2073-24    छतरपुर दिनांक -04.10.2023

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बस स्टेण्ड रिक्शा स्टेण्ड के पीछे स्थित नगर पालिका परिषद् छतरपुर के स्वामित्व की दुकान क्रमांक 07 जीना दुकान जो पानकुंवर कोरी पत्नी स्व. किशुनदास कोरी निवासी वार्ड नं 05 टौरिया मुहल्ला छतरपुर म.प्र. के नाम से मासिक किरायेदारी पर आवंटित है। स्वयं श्रीमती पानकुंवर कोरी पत्नी स्व. किशुनदास कोरी के द्वारा निकाय में आवेदन एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उपरोक्त दुकान क्रमांक 07 जीना दुकान की किरायेदारी का हस्तांतरण श्री संतोष अनुरागी तनय किशुनलाल कोरी निवासी वार्ड नं 04 टौरिया मुहल्ला कोरियाना मार्ग छतरपुर म.प्र. के नाम से किये जाने का अनुरोध निकाय में किया गया है।

अतः उपरोक्त दुकान क्रमांक 07 जीना दुकान से संबंधित अन्य वारसानों एवं अन्य किसी व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दिनांक 19.10.2023 तक नगर पालिका छतरपुर की दुकान किराया शाखा में प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व प्रभारी**
**नगर पालिका परिषद छतरपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**
क्रमांक / सेंट्रल स्टोर / न.नि./2023/51    सागर दिनांक 22.09.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**
**( द्वितीय आमंत्रण )**

नगर निगम सागर के अंतर्गत सेंट्रल स्टोर शाखा द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु संपूर्ण 01 वर्ष के लिये विभिन्न प्रकार के प्रिंटिंग कार्य करने की दरें बुलाने हेतु इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार है।

| ऑनलाइन टेण्डर क्रं. | सामग्री का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|
| 2023_UAD_310545_1 | दी गयी सूची अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रिंटिंग कार्य की दरें आमंत्रण का कार्य | 10,000/- | 2000/- |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 23.09.2023 समय 10.30 से दिनांक 07.10.2023 समय 17.30 तक सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट www.mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय किये जा सकते है।
2. निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर जाकर देखी जा सकती है।
3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, सागर**


## गर्दन काट लेने की मिली धमकी, फरियादी पहुंचा पुलिस थाने

**बण्डा, देशबन्धु।** जगथर निवासी एक व्यक्ति ने बण्डा थाना पहुंचकर आवेदन दिया है आवेदन में उल्लेख है कि ग्राम जगथर में मेरी भूमि है जिसका खसरा नंबर 2018 रकवा 0.82 हेक्टेयर भूमि है उक्त भूमि में धान की फसल खडी थी उक्त फसल अनावेदक निर्भय सिंह पिता ढमरु सिंह लोधी निवासी जगथर ने काट रहे है। मैने अनावेदक को रोका तो गंदी गंदी गाली गलौज दे रहे है, गर्दन काट लेने की धमकी भी दे रहे लडने झगडने को तैयार हो रहे है। निर्भय सिंह रंगदार व्यक्ति हैं लड़ाई झगड़ा करने को आमद हो जाते हैं एवं मुझे डर है कभी भी संगीन वारदात कर सकते हैं अनावेदकों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग आवेदक ने की है।

## खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए

**भोपाल, देशबन्धु।** राजस्व, आबकारी तथा खाद्य सुरक्षा प्रशासन के संयुक्त दलों द्वारा अयोध्या बाईपास स्थित वीरा द ढ़ाबा से पनीर, गेहूँ का आटा, मक्के का आटा तथा खाद्य तेल, राजदरबार फैमिली रेस्टोरेंट से पनीर तथा आटा, हमीदिया रोड़ स्थित होटल संगम से पनीर, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, होटल खजुराहो रीजेंसी से ग्रेवी तथा चावल, तथा बावड़िया कला स्थित 2 स्टेट्स रिसॉर्ट से पनीर तथा धनिया पाउडर के नमूने परीक्षण के लिए गए हैं। नमूनों को विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। नमूनों के परिणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दोषियों पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। । निरीक्षण की कार्यवाही डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शर्मा, पीसी. पाण्डेय और मुनव्वर खान के निर्देशन में आबकारी विभाग तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार दुबे, भोजराज सिंह धाकड़, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा तथा श्रीमती साधना सक्सेना द्वारा की गई।

# सम्पत्ति विरूपण के तहत 24 घंटे में कार्यवाही करें:कलेक्टर

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने जिले की सभी विधानसभाओं में गठित सम्पत्ति विरूपण दल के सदस्यों को आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण 24 घंटे में कर निर्वाचन आयोग की पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए कलेक्टर ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता जैसे ही प्रभावशील होगी आदर्श आचरण संहिता को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सजगता ओर सतर्कता से करना होगा। खासकर शासकीय परिसम्पत्तियों में सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही बिना सूचना प्राप्ति के भी की जाए। किसी भी शासकीय कार्यालय की दीवार पर पोस्टर, लेखन ना हो। साथ ही किसी भी प्रकार के कटाउट होडिग्स न लगे हो। यदि किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो अविलम्ब कार्यवाही की जाए। सरकारी बसें, बिजली एवं टेलीफोन के खंबे, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड इत्यादि के साथ-साथ अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बैनर, झंडे कदापि न लगे हो। चुनाव की घोषणा के साथ ही सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का कठोरता से समय- सीमा में पालन कराया जाना सुनिश्चित हो।

कलेक्टर ने बताया कि आयोग द्वारा सम्पत्ति विरूपण के तहत निर्वाचन तिथि की घोषणा के उपरांत विभिन्न स्तरों पर उल्लेखित कार्यवाहियों को संपादित कराने के लिए समय-सीमा तय की गई है। इसके अनुसार सरकारी सम्पत्ति पर लगे बैनर, झंडों को 24 घंटो में, टेलीफोन, बिजली खंभों के साथ-साथ निकाय क्षेत्रों में पूर्व से लगे राजनैतिक दलो के बैनर झंडो को 48 घंटे के भीतर जबकि निजी मकानो में अनाधिकृत रूप से राजनैतिक प्रचार से संबंधित विज्ञापन 72 घंटे के भीतर हटाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने बताया कि 4 अक्टूबर कोभोपाल जिले के सभी 2034 मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा। जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्टीय राजनीतिक दलों के साथ स्टैण्डिग कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें उन्हें मतदाता सूची की एक मुद्रित प्रति एवं एक प्रति सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची संबंधित मतदान केंद्र तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में देखी जा सकती है। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

## बदमाशों ने मौसेरे भाइयों पर तलवार से किया हमला

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के टीटी नगर थाना क्षेत्र में स्थित गीत नगर में बदमाशों ने दो युवकों पर तलवार और छुरी से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दोनों युवकों को गंभीर चोट आई हैं और उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों घायल युवक रिश्ते में मौसेरे भाई हैं। टीटी नगर थाना पुलिस ने बताया कि अफजल शेख 21 चूनाभट्टी इलाके में रहता है। बीती रात वह अपनी भाभी को लेकर गीत नगर में रहने वाली मौसी के घर गया था। इसी दौरान रात करीब साढ़े 11 बजे मौसी के बेटे अमन अली का अरबाज शेख और अरबाज अली से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने अमन पर हमला कर दिया। अमन का मौसेरा भाई अफजल बीचबचाव करने पहुंचा तो उस पर भी तलवार और छुरी से वार किया। इससे अमल व अफजल के गले, हाथ और गर्दन में गंभीर चोट लगी है। उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए और दोनों बदमाशों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बताया गया है कि कुछ दिन पहले अरबाज अली की ऐशबाग में रहने वाले शाहरुख ने पिटाई कर दी थी। अरबाज को लगता था कि अमन के कहने पर उसके साथ शाहरुख ने मारपीट की है। इसी का बदला लेने अरबाज अली और अरबाज शेख गीत नगर पहुंचे थे।


**कार्यालय नगर परिषद खरगापुर जिला टीकमगढ़**

क्रं./ लोक निर्माण/निविदा/2023-24 / 1514    खरगापुर दिनांक 03.10.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकताहै।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_314351_1 04.10.2023 | वार्ड क्रं. 03 में रज्जाव पठान से सतीमाता मंदिर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण | 1-04 माह 2-12.32 लाख | 1- 2000/- 2-9300/- | 04.11.2023 |
| 2 | 2023_UAD_314352_1 04.10.2023 | वार्ड क्रं. 07 में चन्ना वंशकार के घर से रामलाल अहिरवार के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण | 1-04 माह 2-12.31 लाख | 1- 2000/- 2-9300/- | 04.11.2023 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद खरगापुर**
**जिला टीकमगढ़**

# 4 घंटे से धरने पर बैठे थे मृतक के परिजन, बल प्रयोग कर पुलिस ने हटाया जाम, 3 लोगों पर मामला दर्ज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के अस्पताल चौराहे पर मंगलवार शाम करीब 6 बजे से धरने पर बैठे लोगों को हटाने के लिए पुलिस को आखिरकार हल्के बल का प्रयोग करना पड़ा। पुलिस पिछले 4 घंटे से लोगों को समझाने में जुटी थी, लेकिन परिजन जाम हटाने को तैयार नहीं हुए। रात 9.30 बजे पुलिस ने सख्ती के साथ जाम हटा दिया। हालांकि मृतक के परिजनों की मांग पर पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफनामजद एफआईआर दर्ज कर ली है।

दरअसल, मंगलवार सुबह मुबई रेलवे ट्रैक के पास 23 वर्षीय पुष्पेंद्र यादव का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। दोपहर करीब 12 बजे पीएम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। इस दौरान परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफनामजद एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस और परिजनों के बीच शाम करीब 4 बजे तक बातचीत का दौर जारी रहा। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों की पुष्टि हो जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने की बात कही, लेकिन परिजन इस बात को लेकर राजी नहीं हुए। आखिरकार शाम करीब 5 बजे मृतक पुष्पेंद्र यादव के परिजन अस्पताल चौराहे पर शव रखकर धरने पर बैठ गए। समर्थन में यादव महासभा के अध्यक्ष प्रमोद



यादव सहित यादव समाज के कई लोग धरना स्थल पर पहुंच गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई और अस्पताल चौराहे के चारों रास्तों पर लंबा-लंबा जाम लग गया। पुलिस करीब 4 घंटे तक परिजनों को समझाने में जुटी रही। इसके बाद रात 9रू30 बजे तीन लोगों के खिलाफ धारा 306 के तहत नामजद एफआईआर दर्ज कर परिजनों को सौंपी गई। इसके बाद भी मृतक के परिजन धरना समाप्त करने को तैयार नहीं थे। बता दें कि जाम लगने की सूचना मिलते ही कोतवाली और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके अलावा एसडीएम और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर परिवार वालों को समझने का प्रयास किया। करीब 4 घंटे तक अस्पताल चौराहे पर परिवार के लोग धरना देकर बैठे रहे। जिससे चौराहे के चारों रास्तों पर लंबा-लंबा जाम लग गया। आखिरकार रात को पुलिस ने हल्के बल का प्रयोग करते हुए जाम हटा दिया। शहर के लोगों का कहना है कि इसके पहले शहर में इतने लंबे समय तक कभी जाम नहीं लगा। 5 घंटे तक लगातार जाम लगने के कारण पूरे शहर की यातायात व्यवस्था गड़बड़ा गई। एंबुलेंस से लेकर सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। टीकमगढ़ झांसी हाईवे रोड पर करीब 2 किमी तक लंबा जाम लग जाने से लोगों को घंटों मुसीबत का सामना करना पड़ा।

### कागजों में हुआ सीसी सड़क-नाली निर्माण

## गौरा में तत्कालीन सरपंच, सचिव ने 3 लाख 7 हजार की निकाली राशि

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बल्देवगढ़ जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत गौरा में तत्कालीन सरपंच श्रीमति आराधना तिवारी, सचिव की मिलीभगत से सीसी सड़क, नाली निर्माण को कागजों में पूर्ण कराकर लाखों रुपए निकालने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत गौरा में 14वां वित्त आयोग से वित्तीय वर्ष 2017-2018 में ख्य सड़क से जमाना रैकवार कें घर से सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य की राशि 3 लाख 76 हजार से स्वीकृत था। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारी जानकर अनजान बने हुए हैं। उक्त कारनामे में ग्राम पंचायत गौरा के तत्कालीन सरपंच श्रीमति आराधना तिवारी और सचिव की मिलीभगत से कागजों में ही सीसी सड़क, नाली निर्माण कार्य कराए जाने के नाम से 3 तीन लाख 7 हजार राशि निकालकर बंदरबांट कर ली है। ग्रामीण निवासी जमना रैकवार ने बताया कि हमारे घर से कच्ची रास्ता से मुख्य रोड़ तक निकलना मुश्किल पड़ता है। पक्की सड़क डलवा दो, जिससे आने जाने में सुविधा हो सके। वहीं मुन्ना लाल रैकवार ने बताया कि पूर्व सरपंच के पति से कहा कि कच्ची रास्ता में निकलने में परेशानी होती है। सरपंच पति ने बोल रहे थे कि इस ढिमरोला मोहल्ला में कोई काम नहीं करना है। जबकि पूर्व सरपंच और सचिव ने बिना काम की सीसी सड़क,नाली निर्माण की राशि निकालकर डकार गए है।



### इनका कहना है-

ग्राम पंचायत गौरा में तत्कालीन सरपंच और सचिव ने बिना निर्माण कार्य के सीसी सड़क,नाली निर्माण की राशि निकाली गई। इसकी जांच करवा लेते है,दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

**प्रभाषराज घनघोरिया,** सीईओ बल्देवगढ़

## स्टाल लगाकर समस्याओं को सुना व किया निवारण

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर के मंगल भवन मे बाल संरक्षण आयोग के तत्वावधान मे 18 वर्ष से कम उम्र के असहाय बच्चों की समस्याओं का निवारण करने एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आ आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों ने अपने अपने स्टॉल लगाकर समस्याओं को सुना एवं निवारण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि विश्वदीपक मिश्रा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य 18 वर्ष के कम उम्र के ऐसे बच्चे जिनके माता पिता नहीं हैं। ऐसे असहाय बच्चों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना उन्हें पढाई मे आवश्यक दस्तावेजों प्रमाण पत्रों को आसानी से उपलब्ध कराना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अनाथ या असहाय बच्चे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़े शिक्षित एवं समृद्ध बने इस और केन्द्र एवं राज्य सरकारों के द्वारा अनेकों योजनायें बनाई गई है। मानवता के नाते हम सभी का कर्तव्य बनता है। हम ऐसे बच्चों को चिन्हित करें एवं उन्हें हर संभव मदद करें। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विश्वदीपक मिश्रा, जनपद सीईओ प्रभाषराज घनघोरिया, महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेश दोहरे नपा उपाध्यक्ष दयाराम कुशवाहा एवं समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### नगर परिषद की बैठक आयोजित

## विकास एवं निर्माण कार्यों के कई प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बैठक के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा ने कहा कि हम सभी का कार्यकाल को 1 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस एक वर्ष मे निकाय द्वारा नगर के वार्डो मे नाली निर्माण, सड़क निर्माण, सडकों का डामरीकरण सहित अनेकों कार्य कराये गये हैं। मूलभूत विकास के साथ ही सौदर्यकरण की दिशा मे मदनबेर के पास निषादराज पार्क बनाया गया है। यह पार्क जिले के सबसे सुंदर पार्कों मे से एक होगा। विंध्यवासिनी मंदिर के पहले उत्सव भवन विवाहघर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका। वहीं पुरानी बस्ती मे मुक्तिधाम निर्माण चल रहा है। नगर मे विभिन्न स्थानों पर दुकानो का निर्माण चल रहा है। आज की बैठक मे विकास कार्यों के निर्माण की दरें प्रस्तावों के माध्यम से अनुमोदित हुई हैं, जिसके शीघ्र ही भूमिपूजन कर निर्माण प्रारंभ कराये जायेंगे। जिसमें कायाकल्प द्वितीय चरण एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना



अंतर्गत 2 करोड़ 50 लाख की लागत से सडकों का निर्माण 5 करोड़ की लागत से ग्वालसागर एवं जुगलसागर तालाब का सौन्दर्यकरण 2 करोड़ 95 लाख की लागत से नालियों का निर्माण, विधायक निधि से 40 लाख की लागत से सडक निर्माण अमृत 2.0 के अंतर्गत 5 करोड की लागत से पानी की टंकी निर्माण एवं समस्त वार्डों मे पाईपलाईन का विस्तार किया जायेगा। इस बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा ,विधायक प्रतिनिधि विश्वदीपक मिश्रा, उपाध्यक्ष दयाराम कुशवाहा, सीएमओ अरविन्द तिवारी, उपयंत्री संदीप मिश्रा पार्षद रजनी चढार, आरती नायक, रश्मि सिंह, इस्माइल अली, कुर्शीद बानो, अंजना बाल्मीम, भगवानदास कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, बबली रैकवार, सुखवती आदिवासी, नारायणदास सोनी, संध्या चौरसिया लेखापाल रामरतन कुम्हार, आदि उपस्थित रहे।

## लहर बुजुर्ग प्राथमिक शाला पहुंचीं तहसीलदार, गंदगी पर लगाई फटकार



**पलेरा, देशबन्धु** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों में स्कूल बंद होने एवं शिक्षकों के अनुपस्थित होने की लगातार शिकायतें तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी को मिल रही थी। ऐसे में स्थानीय नगर की तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने बुधवार के दिन ग्राम पंचायत लहर बुजुर्ग की प्राथमिक शाला एवं चोर टांगना विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यहां विद्यालय परिसर के आसपास फैली हुई गंदगी पर कड़ी फ्टकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने प्राइमरी शाला में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं से चर्चा करते हुए नियमित रूप से विद्यालय खुलने एवं शिक्षकों के उपस्थित रहने के संबंध में जानकारी हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने प्राइमरी शाला में वितरित होने वाले मध्यान भोजन की गुणवत्ता के संबंध में छात्र-छात्राओं से जानकारी जुटाकर बच्चों को गुणवत्तायुक्त एवं मीनू अनुसार भोजन वितरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर के आसपास फैली हुई गंदगी, छात्र एवं छात्रों के लिए पेयजल व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा निरीक्षण के दौरान इस तरह की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बूथ केन्द्रों पर पहुंची तहसीलदार

तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने बूथ केंद्र चोर टांनगा एवं खुमानगंज पर जाकर उपस्थित बीएलओ द्वारा ग्रामीणों से चर्चा की चर्चा करते हुए कहा कि अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर लें ताकि ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता सूची में किसी का नाम न छूट सके। इस दौरान उन्होंने विद्यालय संस्था की छत पर रखी फ्सल पर संस्था के शिक्षकों को कड़ी भटकार लगाते हुए तत्काल फ्सल को मौके से हटाए जाने की निर्देश दिए।

## दूसरी समाजों का करें सम्मान, तभी मिलेगा हम आपको सम्मान : यादव

जतारा, देशबन्धु। आगामी विधानसभा चुनाव के पहले यादव समाज के द्वारा एक सम्मेलन आयोजित कर शक्ति प्रदर्शन किया गया है। बताते चलें कि जतारा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत राधे राधे विवाह घर रामराज खिराक पर जतारा विधानसभा 44 के यादव समाज का सम्मेलन हुआ। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के यादव समाज के हजारो लोग एकत्रित हुए सबसे पहले राधे कृष्ण की प्रतिमा पर तिलक लगाकर माल्यार्पण कर दीप प्रजुलत किया गया। इसके तत्पश्चात समाज के लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इसी अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बृजेंद्र सिंह यादव वीरपुरा ने कहा कि हम आपको दूसरी समाज के लोगों को सम्मान देना चाहिए। सम्मान देने से सम्मान मिलता है। इसी अवसर पर उन्होंने कहा है कि हम आप अपने बच्चों को शिक्षा पर ज्यादा से ज्यादा जोर दें शिक्षा का स्तर देखा जाए तो जतारा विधानसभा क्षेत्र ज्यादा से ज्यादा पिछड़ा हुआ है। आज हमारे बच्चे कम पड़े होने के कारण हमारा अस्तित्व कम है। आज देखा जाए तो यादव को पहचान दिलाई है। किसी ने मुलायम सिंह यादव, लालू यादव ने यादव जाति को पहचान दिलाई है। हम किसी भी पार्टी में जाएं चाहे वह कांग्रेस हो या भाजपा हो एकजुट होकर चलेंगे तो हमारी विधानसभा में हमारी जाति का सदा सम्मान रहेगा आज हम गांव स्तर पर तो मजबूत है लेकिन एकजुट न होने के कारण विधानसभा स्तर पर जिला स्तर पर बहुत ही कमजोर हैं जबकि हमारी जनसंख्या हर विधानसभा में 35 से 40 हजार है समाज को सम्मान पाने के लिए सबसे पहले तो अपने बच्चों को शिक्षित करना है आपस में लड़ाई झगड़ा नहीं करना है। जिस भी पार्टी का साथ दें सब एकजुट होकर साथ दें। इस अवसर पर जतारा जनपद अध्यक्ष महेश यादव, जिला पंचायत सदस्य संजू यादव, जनपद सदस्य अरविंद यादव, जनपद सदस्य कैलाश यादव, तेज सिंह यादव, पन्नालाल यादव, पूरन सिंह यादव, भान सिंह यादव, कुमार लाल यादव, करण सिंह यादव, सुनील यादव, कैलाश यादव, गोलू यादव, देव सिंह यादव, कैलाश यादव सहित जतारा विधानसभा के हजारों यादव समाज के लोग एकत्रित हुए।



## अतिथि शिक्षक ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन



**जतारा, देशबन्धु।** अतिथि शिक्षक ने सरकार से चल रही अपनी लंबित मांगों को पूरी किए जाने साथ ही महापंचायत में प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा जो घोषणा की गई थी। घोषणा के मुताबिक तत्काल आदेश जारी किए जाने की मांग को लेकर अतिथि शिक्षक कौन है। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को विज्ञापन सौपा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि

भोपाल मप्र शासन भोपाल में 2 सितम्बर को लाल परेड मैदान भोपाल में आयोजित अतिथि शिक्षकों की पंचायत में हुई। घोषणाओं के सभी आदेश तत्काल जारी करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया कि 2 सितम्बर को लाल परेड मैदान भोपाल में आयोजित किया गया था। अतिथि शिक्षकों की महापंचायत में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ये घोषणाएं भी की थी। अनुभव एवं वरिष्ठता के आधार पर विभागीय परीक्षा, अतिथि शिक्षकों का 12 माह का अनुबंध, शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ न्यूनतम 4 अंक एवं अधिकतम 20 अंक बोनस के रूप में प्रदान करना, घोषणाओं के विभागीय आदेश आज दिनांक तक जारी नहीं किये गये जो तत्काल जारी किये जायें।

## मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार, मजदूरों की जगह मशीनों से काम, ग्रामीण पलायन को मजबूर



**पलेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों में जमकर घालमेल किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत बखतपुरा का सामने आया है। बताया गया है कि यहां सरपंच सचिव की मिलीभगत से मनरेगा योजना अंतर्गत मशीनों से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों का आरोप है कि शासन की रोक के बावजूद भी नियमों को दरकिनार कर सरपंच सचिव मशीनों से कार्य करा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्यों में मशीनों का उपयोग होने के बावजूद भी उपयंत्री कालीचरण राजपूत सहित प्रशासनिक अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बखतपुरा में नाली का निर्माण कार्य मशीनों से कराया जा रहा है। इसके साथ ही सैपुरा रोड पर बनने वाली पुलिया का निर्माण कार्य जेसीबी मशीन से कराया गया। ऐसे में मेहनत मजदूरी करने वाले ग्रामीण रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरे खाकर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। भ्रष्टाचार के इस खेल में मिली भगत के चलते सरपंच सचिव अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं, और शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाकर लगातार निर्माण कार्यों में मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में जतारा एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पंचायत भवन कर्मचारी विहीन

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में पंचायत भवन पर ताला लगा रहता है। सचिव एवं रोजगार सहायक पंचायत भवन में उपस्थित नहीं रहते। जिसके चलते न तो ग्रामीण जनता को शासन की योजनाओं की जानकारी मिल पाती है और न ही पात्रता रखने वाले ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। ऐसे में शासकीय कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार से पंचायत में काम करने वाले कर्मचारी वेतन तो समय पर लेते हैं, लेकिन अपना कार्य समय व नियम अनुसार नहीं करते हैं। ऐसे में पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार में सभी कर्मचारी जिम्मेदार हैं।

### इनका कहना है-

आपके द्वारा यह जानकारी मुझे दी गई है। मैं इस संबंध में संबंधित उपयंत्री से बात करता हूं। यदि कार्य रोजगार गारंटी का किया जा रहा है और उसमें मशीनों का उपयोग हो रहा है तो कार्यवाही की जाएगी।

दिनेश शर्मा

सहायकयंत्री, जनपद पंचायत पलेरा

# खनिज मंत्री के प्रयास से मिली सड़कों की स्वीकृति



**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से भोपाल में संपन्न हुई राज्य खनिज प्रतिष्ठान मद की बैठक में पन्ना विधानसभा को 5 नवीन सड़कों की सौगात प्रदान की गई। कुल 18 करोड़ 85 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत 5 सड़कों का निर्माण होगा। इनमें 9 करोड़ 35 लाख रूपए लागत एवं 7 किलोमीटर लम्बाई की बैराहा से श्रीसोभन व्हाया पिपरहाई से छितैनी स्कूल मार्ग, 2 करोड़ 6 लाख रूपए लागत एवं 1.30 किलोमीटर लम्बाई की सिंहपुर कालिंजर मार्ग से पनझिरियन माता सीमेंट कांक्रीट मार्ग, 1 करोड़ 36 लाख रूपए लागत एवं 1.30 किलोमीटर लम्बाई की मुख्य मार्ग से आरखनपुरा मार्ग, 3 करोड़ 18 लाख रूपए लागत एवं 3 किलोमीटर लम्बाई की दमचुआ से नई बस्ती मार्ग तथा 2 करोड़ 90 लाख रूपए लागत एवं 4.80 किलोमीटर लम्बाई की पैरहा से सिलोना व्हाया जैतुपुरा सड़क निर्माण शामिल है।

## खनिज मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह आज सुबह 11 बजे पन्ना तहसील के ग्राम बिलखुरा के ठाकुरन पुरवा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन और 11.45 बजे दमचुआ में दमचुआ-बृजपुर मार्ग का लोकार्पण एवं दमचुआ से नई बस्ती तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। दोपहर 12.30 बजे बृहस्पति कुण्ड में पनारी तक सड़क निर्माण और 1.15 बजे पहाड़ीखेरा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करेंगे। इसके उपरांत 1.45 बजे पहाड़ीखेरा से चित्रकूट जाएंगे।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

# मतदाता सूची में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया : रावत



**दमोह देशबन्धु।** मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है और ईपिक कार्ड निर्वाचन दिवस के पहले वितरण करा दिये जायेंगे, यदि और कोई समस्या है तो बतायें। मतदाता सूची में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया गया है, मतदाताओं के आधार कार्ड को लिंक किया गया है इसलिए डुप्लीकेट की संभावना कम है। इस आशय के विचार रोल आर्ब्जवर एवं कमिश्नर सागर संभाग सागर डॉ बीरेन्द्र सिंह रावत ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का अंतिम प्रकाशन दौरान राष्ट्रीयकृत पार्टीयों के पदाधिकारियों के समक्ष व्यक्त किये। इस दौरान फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के अंतिम प्रकाशन तिथि 04 अक्टूबर 2023 की मतदाता सूची (फोटो सहित) एवं सी.डी.(फोटो रहित) प्रदाय की गई। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत् रखते हुए, फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का अंतिम प्रकाशन किया गया। दमोह जिले की 04 विधानसभा क्षेत्रों में 1168 मतदान केन्द्र है, जिनमें कुल मतदाताओं की संख्या 9,68,960 है। दमोह जिले का ई.पी.रेशो 66.80 है जो बहुंत अच्छा है और जेण्डर रेशो 925 है। विगत निर्वाचन की तुलना में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले मतदाताओं की संख्या घटी है और पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की संख्या 5,165 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल के द्वारा एस.एस.आर. 2023 के संबंध में किये गये गये कार्यो के अनुसार बताया गया कि 26,733 मतदाताओं को जोड़ा गया है, जिसमें 18-19 आयु वर्ग वाले मतदाताओं की संख्या 10,401 एवं 20-29 आयु वर्ग वाले मतदाताओं की संख्या 13,282 है, जिसमें 14,989 महिला मतदाता है। इसी प्रकार मतदाता सूची से 5,560 मतदाताओं की मृत्यु, 1227 रिपीट एवं 5120 का स्थानांतरण इस प्रकार कुल 11797 मतदाताओं को विलोपन किया गया है। मतदाता सूची में 54,619 मतदाताओं के सरनेम में सुधार किया गया है। 639 मतदाताओं के निवास स्थान में सुधार किया गया है। इस दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को मतदाता सूची का सेट प्रदाय किया गया, तत्पश्चात बैंठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का आभार प्रदर्शन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा किया गया।

## जिले में 7 लाख 66 हजार से अधिक मतदाता

**पन्ना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 4 अक्टूबर की स्थिति में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसके तहत जिले में कुल 7 लाख 66 हजार 56 मतदाता हैं। इनमें इनमें 4 लाख 4 हजार 932 पुरूष मतदाता, 3 लाख 61 हजार 119 महिला मतदाता और 5 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। तीनों विधानसभा में कुल 11 हजार 905 दिव्यांग मतदाता हैं। 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 27 हजार 47 है, जबकि 80 वर्ष एवं अधिक आयु के 8 हजार 503 मतदाता तथा 100 वर्ष एवं अधिक आयु के 47 मतदाता हैं। पवई विधानसभा में सर्वाधिक 2 लाख 82 हजार 253 मतदाता हैं, जबकि पन्ना विधानसभा में 2 लाख 51 हजार 114 तथा गुनौर विधानसभा में 2 लाख 32 हजार 689 मतदाता दर्ज हैं। विगत 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन तिथि में जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 7 लाख 55 हजार 179 दर्ज थी।

## कॉल सेन्टर के लिए सौंपा दायित्व

**पन्ना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कॉल सेन्टर के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक आजीविका मिशन कार्यालय के जिला प्रबंधक ओमप्रकाश सोनी एवं जनपद पंचायत पन्ना के सहायक ग्रेड. 3 विनीत कुमार श्रीवास्तव, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पन्ना के लेखापाल पंकज श्रीवास्तव एवं शासकीय प्राथमिक शाला हनुमतपुरा गुनौर के प्राथमिक शिक्षक राजकुमार मिश्रा, रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला मोहनपुरवा के सहायक अध्यापक सुनील कुमार खरे एवं जिला आजीविका मिशन के समूह प्रेरक मनीष कुमार पाण्डेय की ड्यूटी लगाई गई है।

# आजीविका मिशन के पर्यावरण मित्र को स्कूटी का वितरण किया




**दमोह देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला इकाई के द्वारा कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आजीविका भवन दमोह में सीएलएफकी पर्यावरण मित्र को स्कूटी एवं ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं प्रीतम सिंह लोधी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत गौरव पटेल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का अभिनंदन किया। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर किए जा रहे हैं कार्यों की चर्चा करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए अच्छा कदम बताया। श्रीमती पटेल ने कहा आज महिलाएं समूह के माध्यम से समाज में काफी आगे बढ़ रही है। ग्रामीण अंचलों में पर्यावरण सखी को स्कूटी के मिल जाने से विभिन्न विषयों पर गांव की महिलाओं को जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर संकुल स्तरीय संगठन की पर्यावरण मित्र को 36 स्कूटी की चाबी सौंपकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी जिला प्रबंधक शैलेंद्र श्रीवास्तव ,सतीश शर्मा, मिथिलेश सिंह और अरविंद चंदेल एवं ब्लॉक प्रबंधक राजेंद्र उपाध्याय ,विवेक शुक्ला ,संदीप सिंह, नजीब अहमद खान,अंकित खरे और सुमित तिवारी सभी ब्लॉक प्रबंधक का सराहनीय योगदान रहा है ।

## कांग्रेस प्रत्याशी के लिए एक बार फिर कसम खिलाई गई

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** पिछले वर्ष से अब क्षेत्र में चुनाव के समय कसमें वादे का दौर शुरू हुआ पहले नगर परिषद चुनाव में भाजपा व बसपा पार्षदों द्वारा ऋषिकेश में जाकर गंगा की सौगंध



खाकर कसम खाई गई कि हम गठबंधन से जो अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं उनको मत देंगे पर वहां से आकर बाजी पलट गई और अब करीब 13 महीने बाद विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर सभी दावेदारी करने वालों ने एक साथ हरिसिद्धी माता मंदिर बासाकलां में जल लेकर सौगंध खाई है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी जो भी घोषित होगा उसका सब मिलकर समर्थन करेंगे। कांग्रेस नेता गौरव पटेल ने सभी को मंदिर में शपथ दिलाई नेताओं ने शपथ ली कि जिसको भी टिकिट मिलेगी, वह मिलकर काम करेंगे। यदि कोई गलत करता है तो मां हरसिद्धि उसे दंड भी दें। अब यह देखना भी दिलचस्प होगा कि कांग्रेस के कितने नेता अपनी शपथ पर कायम रहते हैं।

## स्वीप प्लान में मतदाता जागरूकता अभियान



**दमोह देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम "स्वीप" चलाए जा रहे है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रमों के तहत जिले के लक्मनकुटी सेक्टर के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक हाईस्कूल मुडिया में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की प्राचार्य शोभा दीवान के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता का विषय एक वोट की कीमत छात्र-छात्राओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार के बहुत ही बढ़िया प्रश्न और उत्तर उनके द्वारा दिए गए। इसके पहले रंगोली, चित्रकला मेहंदी व अन्य माध्यमों से शाला में कार्यक्रम आयोजित किये गए आज वाद विवाद प्रतियोगिता में शाला के बच्चों ने हिस्सा लिया एवं एक दूसरे को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। उक्त कार्यक्रम में शाला के छात्र - छात्राओ शिक्षक एवं नवांकुर संस्था के अंकित बसेडिया, निर्मल राठौर की उपस्थिति रही।

# माध्यमिक विद्यालय इमलाई में जागरूकता शिविर आयोजित



**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकर, जबलपुर के आदेशानुसार प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलाई दमोह में मूल अधिकार एवं कर्तव्य एवं बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिये तस्करी एवं वाणिज्कि यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट तथा एसिड अटैक से पीड़ितों को विधिक सहायता के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह राममनोहर सिंह दांगी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य अनीता जैन एवं स्टाफसहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राममनोहर सिंह दांगी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को बच्चों के साथ आए दिन यौन अपराधों के संबंध में अपराधों की बढ़ती संख्या एवं बच्चों के साथ छेड़छाड़, बलात्कार, कुकर्म जैसे मामलों पर जानकारी देते हुये बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध एवं छेड़छाड़ के मामलों में कार्यवाही की जाती है। यह एक्ट बच्चों को सेक्सुअल हैरेसमेंट एवं पोर्नोग्राफी जैसे गंभीर मामलों से सुरक्षा प्रदान करता है। वर्ष 2012 में बनाये गये इस कानून के तहत अलग-अलग अपराध के लिये अलग-अलग सजा तय की गई है जिसका कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन संगीता दुबे द्वारा किया गया।

# राज्य जैव विविधता क्विज का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जिला स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज़ का आयोजन वन मण्डलाधिकारी दमोह महेन्द्र सिंह उइके के सफल निर्देशन में स्थानीय शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय दमोह किया गया। क्विज़ में जिला दमोह के 49 विद्यालयों की 49 टीमों में 147 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर शासकीय सी.एम. राईज विद्यालय हटा के यश मिश्रा, अमित पटैल, अर्प्रित उपाध्याय, द्वितीय स्थान पर शासकीय सरदार पटैल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह की कुमारी प्रीति अठ्या, कु. भुवनेश्वरी चक्रवर्ती, कु. पूनम अठ्या तथा तृतीय स्थान पर शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सी.एम. राईज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के प्रबल राज, हर्षिता रजक एवं चक्रेश पटैल विजयी घोषित किए गए। कार्यक्रम में उप वन मण्डलाधिकारी रेखा पटैल, दमोह जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, डॉ. आलोक सोनवलकर, वन परिक्षेत्र अधिकारी दमोह विक्रम चौधरी, क्विज़ मास्टर मोहन राय, दिलीप जोशी तथा वन विभाग दमोह के सुधीर अहिरवार, नीरज नयन त्रिपाठी, देवेन्द्र शुक्ला वनपाल, तनवीर खान वनपाल तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा।

## बाल्मीकि समाज ने किया सम्मान समारोह

**दमोह देशबन्धु।** बाल्मीकि समाज द्वारा स्थानीय अंबेडकर भवन दमोह में समाज की प्रतिमाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री जयंत मलैया, विधायक अजय टंडन, पूर्व नंपा अध्यक्ष मनु मिश्रा, गौरव पटेल, रतनचंद जैन, अनुभव गौतम, संजय चौरसिया, प्रदेश अध्यक्ष सफाई कामगार प्रकोष्ठ कांग्रेस जयराज सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नपा विक्रम ठाकुर, पार्षद रमेश राठौर, सिद्धार्थ मलैया, बसंत कुशवाहा, अजय जाटव द्वार उपस्थित होकर उत्कृष्ट अंक पाने वाले बच्चों तथा समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मान पत्र वितरित किया। अतिथियों ने इस प्रकार के आयोजन की प्रशंसा करते हुए आयोजकों को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम आयोजक सोनू सोदिया, मनोहर लाल पथरौल, दीपक, संतोष चौधरी, मोंटू सोदिया, राजकुमार कछवाहा, प्रेम पारोचे, सिकंदर खरारे, सुरेश कछवाहा, अजय पारोचे, पवन बाल्मीकि, मोहन चौहान की उपस्थित रही।

## कुष्ठ रोगी खोज अभियान प्रशिक्षण संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** आगामी 16 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक होने वाले कुष्ठ रोगी खोज अभियान का जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केंद्र में संपन्न हुआ। जिसमें भोपाल से आए लेप्रा सोसायटी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. नवीन साटले द्वारा अभियान के अंतर्गत कुष्ठ रोगी खोज दल द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सेवाएं देने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। डीएचओ डॉ. रीता चटर्जी ने इस अभियान के सर्वे, सुपरविजन व रिपोर्टिंग के बारे में बताया। प्रशिक्षक बीएम दुबे ने प्रशिक्षण के प्रारंभ में स्टेट कोऑर्डिनेटर का परिचय दिया तथा एलसीडीसी के बारे में बताया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन ने बताया कि यदि सर्वे के दौरान कोई क्षय रोग के लक्षण वाला संभावित रोगी मिलता है तो उसे अस्पताल जरूर रेफर करें। इस अवसर पर जिला माध्यम एवं विस्तार अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर पांडे, सीबीएमओ डॉ.अशोक बरोनया, डॉ.संदीप पलंदी, डॉ.कीर्ति वर्धन नेमा, अनिल कटारिया, बीएस ठाकुर, हेमंत शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# राज्य स्तरीय महिला जैन भजन एवं आरती प्रतियोगिता हुई



दमोह देशबन्धु। श्री दिगंबर जैन नव युवक मित्र मंडल एवं जैन युवा महासंघ के तत्वावधान में विगत मंगलवार को स्थानीय उमा मिस्त्री जी की तलैया में राज्य स्तरीय जैन महिला नृत्य गायन एवं आरती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दमोह और सागर से पधारे कई मंडलों ने अपना प्रदर्शन किया रात्रि 8:00 बजे से शुरू हुए। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शहर विधायक अजय टंडन, युवा नेता सिद्धार्थ मलैया, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन, जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर जैन वेलकम, अरविंद इटोरिया, डॉक्टर अभय जैन, डॉक्टर गौरव जैन, रूपचंद जैन, राकेश जैन, पुजारी रिंकू जैन, खजरी कपिल मलैया, विनय मलैया, अमित बजाज अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में समस्त अतिथियों ने भगवान महावीर स्वामी एवं आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में आचार्य सौभाग्य सागर जे.ई.एस. पब्लिक स्कूल द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया इसके बाद प्रतिभा मंडल पलंदी मंदिर के द्वारा मनमोहक मंगलाचरण किया गया। रात्रि 3:30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में कुल 10 मंडलों ने अपना प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम में स्थान पर इंद्राणी शाखा कांच मंदिर द्वितीय स्थान पर अखिल भारतीय महिला परिषद सागर एवं तृतीय स्थान पर मां चिरौंजा बाई महिला मंडल सागर रहे चतुर्थ कम पर सुधा कलश महिला मंडल पलंदी मंदिर रहा। इसके अलावा एकल नृत्य प्रतियोगिता में पहले स्थान पर इंद्राणी शाखा कांच मंदिर द्वितीय स्थान पर अखिल भारतीय महिला परिषद सागर एवं तृतीय स्थान पर पारसनाथ महिला जैन मंडल टंडन बगीचा दमोह रहा। कार्यक्रम के दौरान समिति ने उन परिवारों को सिलाई मशीन भी प्रदान की जिन्हें रोजगार की आवश्यकता है समिति ने अपने माध्यम से 15 परिवारों को सिलाई मशीन प्रदान की इस दौरान समिति के संयोजक संजय डबवाली ए अध्यक्ष बंटू गांगरा महामंत्री मनीष जैन आउटलुक एवं कोषाध्यक्ष आशीष शाह मंच पर मौजूद रहे, समिति के सदस्यों ने वर्ष 2022-23 में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया, कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में रमेश तिवारी आकांक्षा तोमर श्रीमती शिखा जैन रेशू ताम्रकार एवं कीर्ती वर्मन पूरे समय मंच पर मौजूद रहे, इस दौरान समिति के सुनील जैन बड़े राय पंकज जैन मुंशी आशीष जैन अंकित जैन कालू राकेश जैन दसोंदा आशीष जैन वलेह सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महिती भूमिका अदा की। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के कार्यक्रम प्रभारी मानव बजाज एवं सहसंयोजक सुधीर जैन विद्यार्थी ने किया।

## भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह प्रसंग

**दमोह देशबन्धु।** कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग द्वारा पुराने डीआईओ ऑफिस में श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं। छठे दिन कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोपी बनकर गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर भजन आज मेरे श्याम की शादी है। मेरे घर श्याम की शादी का भजन प्रस्तुत किया और भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों और धूमधाम से संपन्न भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी जी के पैर धोकर पैर पकड़ कर पूजा अर्चना कर दान भेंट चढ़ा कर श्री कृष्ण भगवान की मंगला आरती गाकर विवाह संपन्न कराया।

# विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं सम्मान समारोह के साथ महाआरती का हुआ आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति दमोह के द्वारा एक विशाल शिविर कैंप धगट चौराहा स्थित राजा अग्रवाल मैरिज हॉल में लगाया गया। जिसमें अग्रवाल समाज के 11 डॉक्टर के द्वारा पहुंचकर अपनी नि:शुल्क सेवाएं अग्रबन्धुओ को प्रदान की गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान समर कैंप में अपनी सहभागिता निभाने वाले शिक्षकों, डॉक्टर व सहयोग करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार पं महेंद्र दुबे, वरिष्ठ डॉक्टर जेपी पसारी, राजा अग्रवाल, अग्रवाल महासभा की प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल मौजूद रहे। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। जहां मरीजों को नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। तत्पश्चात सम्मान कार्यक्रम में सभी डॉक्टर के साथ शिक्षकों रितु अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, रिद्धि अग्रवाल मास्टर मयंक अग्रवाल मास्टर दीपांशु अग्रवाल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल जन जागरण समिति में राकेश(शटर) अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, स्वप्नेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रवि अग्रवाल, भानु प्रताप अमित(मैरिज हाल) अनमोल रंचित दीपक रइच दीपांशु हिमांशु रम्मा मदन की अहम भूमिका रही। आभार स्वप्नेश अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के महिला पुरूष बच्चों की उपस्थित रही।



# ₹ 12600 करोड़ की विकास परियोजनाओं से मध्यप्रदेश के विकास को गति

**वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान**
का
**भूमिपूजन**
एवं
नागपुर-जबलपुर गैस पाइप लाइन परियोजना
6 राष्ट्रीय राजमार्ग
जबलपुर संभाग की 5 जल-जीवन मिशन परियोजनाओं का
**शिलान्यास**
तथा
विजयपुर-औरैया गैस पाइप लाइन परियोजना
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन जबलपुर बॉटलिंग प्लांट
1 राष्ट्रीय राजमार्ग
जबलपुर संभाग की 1 जल-जीवन मिशन परियोजना
कटनी-विजयसोता एवं मरवास ग्राम-सिंगरौली रेलवे लाइन दोहरीकरण
लाइट हाउस परियोजना, इंदौर का
**लोकार्पण**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
के कर-कमलों द्वारा
5 अक्टूबर, 2023 । अपराह्न 3:00 । जबलपुर, मध्यप्रदेश

**नागपुर-जबलपुर गैस पाइप लाइन परियोजना**
317 कि.मी. की गैस पाइप लाइन से मिलेगा प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा और शहरों को प्रदूषण से मुक्ति

**6 राष्ट्रीय राजमार्ग**
287 कि.मी. से अधिक सड़कों के निर्माण से 6 जिलों को मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी, व्यावसायिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

**5 जल-जीवन मिशन परियोजनाएं**
जबलपुर, मंडला और डिंडौरी जिलों के 1479 गांवों में नल से जल मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में सुनिश्चित होगा स्वस्थ, बेहतर जीवन

**विजयपुर-औरैया गैस पाइप लाइन परियोजना**
352 कि.मी. की गैस पाइप लाइन से औद्योगिक व घरेलू उपयोग के लिए सुलभ होगा ईंधन

**1 राष्ट्रीय राजमार्ग**
80 कि.मी. की सड़क से महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच यातायात हुआ सुगम, खरगोन और बड़वानी जिलों के 36 गांवों को मिला मुख्य मार्गों से संपर्क

**1 जल-जीवन मिशन परियोजना**
सिवनी जिले के 96 गांवों में पहुंचा नल से स्वच्छ जल, वर्ष 2025 तक पूरा होगा 1 करोड़ 19 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य

**2 रेलवे लाइनों का दोहरीकरण**
यात्री और मालगाड़ियों की गति और क्षमता हुई बेहतर, पर्यटन उद्योग तथा सिंगरौली, सीधी और कटनी जिलों के सामाजिक, आर्थिक विकास को मिली गति

D-11137/23

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP


स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का हुआ समापन



**सागर, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के उन वीर सेनानियों जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया, उनको नमन करते हुए उन्होंने श्रद्धांजलि देने देश की भांति नगर निगम सागर क्षेत्र में महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार 12 से 27 सितंबर तक क्रमानुसार नगर के समस्त वार्डों में पार्षदों के नेतृत्व में निकाली गई अमृत कलश यात्रा जिसमें कलशो में एकत्रित की गई मिट्टी और चावल के कलशो को महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, अनूप उमिल, धर्मेंद्र खटीक, नरेश यादव, विजय दुबे सहित कर संग्रहक और नागरिकों की उपस्थिति में शास उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में स्थित स्मारक के बाजू में स्थापित शिलाफलकम के समक्ष एक कलश बनाया गया जो दिल्ली जाएगा और वहां कर्तव्य पथ के पास बनने वाली अमृत वाटिका में पूरे देश से आने वाले 7500 कलशो की मिट्टी का उपयोग अमृत वाटिका के निर्माण में किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश मात्र एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि अपने आप को देश के भविष्य के साथ जोड़ने और देश को महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनने का माध्यम है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने इस अभियान के माध्यम से कार्य किया गया है, ताकि हर देशवासी और उसकी भावनाओं तथा उसके पुरुषार्थ को देश के विकास से जोड़ने का काम कर रहे है।

## सार-समाचार

### डॉ. अम्बेडकर चेयर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मिलकर करेंगे वर्कशॉप का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के तहत डॉ. अम्बेडकर चेयर के द्वारा विद्यार्थियों के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के साथ मिलकर वर्कशाप का आयोजन करेंगे। उक्त संदर्भ में डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंदाकिनी पाण्डेय के साथ मिलकर बातचीत की। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास एवं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु विश्वविद्यालय में विशेष प्रयास किया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थी जो अपना स्वयं का व्यापार एवं उद्योग लगाना चाहते है उनका वर्कशॉप के माध्यम से जानकारी दी जायेगी।

### विभिन्न किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह माधवी बुधौलिया ने हिंडोरिया नगर में विभिन्न किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया। हिंडोरिया में वार्ड नं. 3 स्थित दुर्गेश किराना एवं मेन मार्केट स्थित अग्रवाल किराना भंडार का फोस्कोरिस एप्प के माध्यम से ऑनलाइन निरीक्षण किया एवं मिठास चायपत्ती, महाराजा चायपत्ती, लाल गुलाब सरसों तेल एवं ब्रजवासी घी के नमूने जांच हेतु लिए। इन नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की कार्यवाही के दौरान अधिकतर किराना दुकानें बंद हो गई।

### विश्वविद्यालय परिसर को नशामुक्त बनाना हमारा लक्ष्य



**सागर, देशबन्धु।** विश्वविद्यालय में स्थित दुकानों एवं कैंटीनों पर पान, बीड़ी, गुटखा, सिगरेट इत्यादि के क्रय-विक्रय एवं सेवन की विगत कुछ दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी। चूंकि विश्वविद्यालय में ऐसे नशायुक्त पदार्थों का क्रय-विक्रय एवं सेवन प्रतिबंधित है। इसलिए सुरक्षा अधिकारी डॉ. हिमांशु कुमार, सहा. प्रॉक्टर डॉ. राकेश सोनी एवं डॉ. वीरेंद्र मटसेनिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार जैन, संपदा कार्यालय से मुन्नालाल यादव ने सुरक्षा सुपरवाइजर शंकरलाल पटेल एवं कई सुरक्षाकर्मियों के सहयोग से विश्वविद्यालय की दुकानों एवं कैंटीनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कोई भी प्रतिबंधित सामग्री नहीं पायी गयी। सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर को नशामुक्त करने के लिए ऐसे निरीक्षण हर माह औचक रूप से किये जायेंगे और जो भी दुकानदार पान, बीड़ी, गुटखा, सिगरेट के क्रय-विक्रय में संलिप्त होंगे, उनके दुकान के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी तथा 2000 रुपया जुर्माना भी लगाया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर को नशामुक्त परिसर बनाना हमारा लक्ष्य है।

## सब जेल बण्डा में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**बण्डा, देशबन्धु।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरूण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 4 अक्टूबर को उपजेल बण्डा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति बण्डा द्वारा किया गया। आरपी मिश्र जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बण्डा द्वारा जेल में निरूद्ध बंदिया को अधिकारों एवं प्रत्येक बंदी को अपने मनपसंद के अधिवक्ता नियुक्त करने का अधिकार जेल में अपील अधिकार एवं प्राईवेट अधिवक्ता नियुक्त करने में असमर्थ होने की स्थिति में नि:शुल्क विधिक सहायता योजना में अधिवक्ता नियुक्त किये जाने संबंध में जानकारी दी। शिविर में उपस्थित वरिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश संजना सरल सोलंकी ने प्ली.बारगेनिंग के प्रावधानों के बारे में बताया। शिविर में ज्योत्सना तोमर कनिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश बण्डा एवं एसडीओपी पुलिस शिखा सोनी, सहायक जेल अधीक्षक राजेन्द्र यादव, जेल प्रहरी आशीष दीक्षित एवं जेल के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। विधिक साक्षरता शिविर में विधिक समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया उनके अधिवक्ताओं के बार में जानकारी दी गई। शिविर में 117 बंदी लाभांवित हुए एवं साक्षरता शिविर का समापन सहायक जेल अधीक्षक राजेन्द्र यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## भाजपा माताओं-बहनों के साथ खड़ी होने वाली सरकार है: प्रदीप लारिया



**सागर, देशबन्धु।** मप्र की भाजपा सरकार माताओं-बहनों के साथ खड़ी होने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दिशा में कन्याओं के जन्म से लेकर विवाह तक की चिंता की है। भाजपा ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना अभिनव योजना शुरू की और पहले 1000 रूपये की राशि उनके बैंक खाते में पहुंचाने का काम किया और अब 1250 रूपये बहनों के खाते में डाले जा रहे है। आप बिल्कुल कतई चिंता न करें यह राशि बढ़ाकर 3000 रूपये की जाएगी, विधायक प्रदीप लारिया ने यह बात नगर पालिका परिषद मकरोनिया द्वारा वार्ड-08 में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनांतर्गत पंजीकृत पात्र लाड़ली बहनों को राशि अंतरण लाईव प्रसारण कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार ने उपस्थित महिला शक्ति को भाजपा सरकार को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम को लोक निर्माण सभापति बलवंत सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। संचालन मधुकर जाटव ने किया। कार्यक्रम में पार्षद विवेक सक्सेना, पार्षद प्रतिनिधि राजा रिछारिया, बाबूलाल रोहित, मुख्य नगर पालिका रीता कैलाशिया सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## विभिन्न सड़कों का भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने किया भूमिपूजन



**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** गढ़ाकोटा से 10 किलोमीटर दूर ग्राम गुंजोरा में उदयपुरा, गुंजोरा, बलेह मार्ग लंबाई 14.50 किलोमीटर राशि 3725.64 करोड़, बिछिया पुल से कछार मार्ग लंबाई 1.30 किलोमीटर राशि 116.34 करोड़ एवं गुंजोरा से पिपरिया कर्मन मार्ग लंबाई 1.30 किलोमीटर राशि 99.77 लाख रुपए से बनने वाली सड़कों का भाजपा नेता अभिषेक भार्गव द्वारा द्वारा केबिनेट मंत्री की अनुपस्थिति में भूमिपूजन कार्य सम्पन्न हुए। मंच से बोलते हुए भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने कहा की आवागमन की अधिकता को देखते हुए इस मार्ग को टूलेन बनाया जायेगा। उन्होंने कहा की जब से भैया को लोक निर्माण विभाग मिला है रहली क्षेत्र में बनने वाली सौवी सड़क है। पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ गया है क्षेत्र में अब कोई कार्य होने के लिए नहीं बचे है। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री हरिशंकर जायसवाल, एसडीओ साहित्य तिवारी, इंजी. दिनेश रावत, पिक्कि पांडे, गौरीशंकर चौकसे, भगवानदास पंडा, सुरेश कपस्या, संतोष पटेल, रानी कुशवाहा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान राधे राधे मंडल की टीम द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

## अहिंसा दिवस के अवसर पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया एवं लायंस क्लब सागर के संयुक्त तत्वाधान में मुनिश्री सुदत्त सागर एवं छुल्लकश्री चंद्रदत्त सागर की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से अहिंसा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन स्नेहभवन अंकुर कॉलोनी में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गुलझारीलाल जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनील सागर अध्यक्ष लायंस क्लब एवं वीर सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन मकरोनिया थे। सतगुरु सेवा संस्थान आनंदपुर लटेरी के विशेषज्ञ डॉ. दीपक सिंह, डॉ. डालसिंह जादव, प्रवेश असाटी एवं डॉ. प्रशांत कटारे द्वारा आए हुए मरीजों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन ने बतलाया कि इस अवसर पर डॉ. दीपक सिंह एवं उनकी सहयोगी टीम के द्वारा कुल 177 मरीज का परीक्षण किया गया एवं उनमें से 79 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु सतगुरु सेवा संस्थान आनंदपुर लटेरी भेजा गया साथ ही इस अवसर पर सभी 177 मरीजो का ब्लड प्रेशर एवं शुगर की निशुल्क जांच भी की गई। इस अवसर पर बड़ी मात्रा संख्या में लायंस क्लब एवं जैन मिलन के सदस्य मौजूद थे कार्यक्रम के अंत में वीर सुरेश जैन अध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## विभिन्न स्थानों पर सरोज सिंह ने भू.अधिकार पत्र भेंट किए



**बरोदियाकलां, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने बरोदियाकलां नगर परिषद क्षेत्र में हितग्राहियों को मालिकाना हक पट्टे वितरित किए। मुख्यमंत्री भू.अधिकार योजनांतर्गत बरोदियाकलां के वार्ड 12 उमरई, वार्ड 11 खैरा, वैष्णों देवी वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड एवं वार्ड क्र. 2 ढड़ली में हितग्राहियों को स्थाई पट्टों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की सरोज सिंह थीं। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि हर गरीब का सपना होता है कि उसका खुदका आवास हो। रहने के लिए आवास और आवास के लिए जमीन पर हर गरीब का अधिकार है और इस सपने को साकार करने के पीछे भाजपा और मंत्री भूपेन्द्र सिंह की कड़ी मेहनत है। उनके प्रयासों से खुरई विधानसभा क्षेत्र के हर जरूरतमंद को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। आज भू.अधिकार योजना में लाभान्वित हितग्राहियों के चेहरे पर प्रसन्नता देख कर अच्छा लग रहा है। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के पास नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ करते हुए कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा खुरई, मालथौन, बांदरी सहित अनेक स्थानों पर नि:शुल्क कोचिंग सेंटर खोले जा रहे हैं। उनका प्रयास है कि आने वाले समय में खुरई को शिक्षा का गढ़ बनाया जाए।

## 293 लाख रूपए से होगा नगर के वार्डो का कायाकल्प, नगर के जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन किया



**शाहगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के ठीक पहले जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद क्षेत्र में विकास के पहिये को गति देना शुरू कर दिया है। कायाकल्प योजना अंतर्गत वार्ड 5,13,14,15 में नाला एवं पुलिया सड़क निर्माण कार्य, विभिन्न वार्डो में सड़क डामरीकरण एवं सौंद्रीयकरण आदि नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 293 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। शुरुआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष तिराहे से की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राधा बाबूलाल खटीक ने कहा कि नगर का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और इस प्राथमिकता को पूरा करने के लिए मैं पूरा प्रयास कर रही हूं। आज लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। इन विकास कार्यों का लाभ जल्द ही आम जनता को मिलेगा। सीएमओ एमजी गोस्वामी ने बताया कि सभी विकास कार्य मूलभूत जरूरतों और जन सुविधाओं से जुड़े हुए हैं। उन्होंने इस बात को लेकर खुशी व्यक्त की कि नगर पालिका के सभी जनप्रतिनिधि नगर के विकास को लेकर उनका भरपूर साथ दे रहे हैं। उन्होंने आम जनता को आश्वस्त किया कि सभी जनप्रतिनिधि चरणबद्ध तरीके से नगर के विकास के लिए बेहतर प्रयास कर रहे हैं। धीरे-धीरे जन आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जाएगा। सभी पार्षदो ने कहा कि आज एक साथ इतने सारे विकास कार्यों के भूमिपूजन करने के बाद सभी जनप्रतिनिधियों और वार्ड के लोगों में भी उत्साह माहौल है। भूमि पूजन कार्यक्रम में इंजी. आकांक्षा मिश्रा, उपाध्यक्ष पुनीत जैन, अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय खटीक, पप्पू राजा बुंदेला, पार्षद जग्गी साहू मौजूद रहे।

## नगरीय क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

**रहली, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिय नगरीय क्षेत्र में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने नगर पालिका सीएमओ बीके पटेल पहुंचे उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं देखी। सीएमओ ने बताया की नगर पालिका क्षेत्र के 15 वार्डो में 28 मतदान केंद्र बनाए गए है कुछ केंद्रों में मामूली कामिया पाई गई जिन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए है, वार्ड क्र. 12 के मतदान केंद्र में शौचालय नहीं है वही वार्ड 14 के केंद्र के पास सफाई की कमी थी जिसे करवाने को कहा गया है, बाकी सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, सफाई, दिव्यांग मतदाताओं के लिय रैंप प्रवेश वा निकासी के लिय अलग अलग द्वार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पाई गई। निरीक्षण के दौरान शिवकुमार चौबे, सफाई दरोगा महेश ठाकुर, विद्युत प्रभारी राम गोपाल प्रजापति, रूपेश पटेरिया सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नपा अध्यक्ष ने भू स्वामी पट्टे, तीर्थ दर्शन कार्ड, वा अंत्येष्टि सहायता राशि का किया वितरण



**रहली, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद द्वारा इन दिनों हितग्राही मूलक योजनाओं में नगर वासियों को लाभ दिया जा रहा है, कार्यालय आने वाले लोग अपनी समस्या का निराकरण कर ही वापिस जा रहे है। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी द्वारा भू.आवासीय पट्टे, मुख्य मंत्री तीर्थ दर्शन योजना में चयनित हुए लोगो को आई कार्ड व संबल सहायता राशि का वितरण किया। उन्होंने बताया की लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा नगरीय क्षेत्र के करीब 184 भूमि विहीन लोगो के लिए पट्टे जारी करवाए थे जिनका वितरण किया गया, साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में हमारे नगर के 12 वृद्ध जनों का चयन भगवान द्वारकाधीश के दर्शनों के लिय हुआ है, कलेक्टर द्वारा उनके पहचान पत्र भेजे गए थे सभी चयनित हितग्राहियों को परिचय पत्र प्रदान किए साथ ही स्वयं की ओर से भगवान के श्री चरणों में भेट के लिय राशि प्रदान की गई। वही मुख्यमंत्री अंत्येष्टि सहायता के अंतर्गत वार्ड क्र. 3 निवासी जानकी प्रजापति एवं रेणुका सेन वार्ड क्र. 9 के आकस्मिक निधन पर उनके पति रमेश प्रजापति, पुत्री सुनीता सेन को 5000-5000 रू की सहायता राशि प्रदान की गई। इस दौरान सीएमओ बीके पटेल, पार्षद अमित नायक, प्रतिनिधि राजेंद्र ठाकुर, जितेंद्र अहिरवार, भगवानदास अहिरवार मौजूद रहे।

## डॉ. श्वेता नेमा ग्लोबल एक्सीलेंस फोरम नई दिल्ली द्वारा इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. श्वेता नेमा योग एवं आहार विशेषज्ञ, पुलिस योग ट्रेनर, परामर्शदाता को ग्लोबल एक्सीलेंस फोरम नई दिल्ली द्वारा इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया। यह पुरस्कार लीला एंबियंस नई दिल्ली में प्रदान किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले और अन्य विशिष्ट अतिथि थे तथा इनके द्वारा विशिष्ट क्षेत्र में कार्य करने वाली डॉ. श्वेता नेमा को प्रशंसा पत्र दिया गया। यह पुरस्कार उन भारतीयों को दिया जाता है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है और समाज के लिए प्रेरणा बने हैं। डॉ श्वेता नेमा ने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा है और उन्हें आपके क्षेत्र में आपके भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। इसके पहले भी उनको राष्ट्रीय तथा अंतरास्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. रघुराज सिंह अध्यक्ष राज्य मंत्री श्रम एवं रोजगार, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## सुरखी विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अधूरा नहीं रहेगा: हीरा सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गंगा बह रही है और यह गंगा तब तक बहेगी जब तक कि पूरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य पूर्ण ना हो जायें इसके लिए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत लगातार आपकी सेवा में तत्पर हैं और वे तमाम योजनाएं लाकर सुविधाएं दे रहे हैं। क्षेत्र का कोई गांव ऐसा नहीं बचेगा जिसमें सड़क ना हो, स्कूल भवन ना हो, मंगल भवन ना हो यह बात जिला पंचायत के अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने ग्राम बेरखेड़ी चंपत नरयावली, लुहर्रा, बसियाभौति, लखनपुरा, बहरोल और गंभीरियाहाट में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन समारोह में कही। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं सहित क्षेत्रवासियों ने आतिशबाजी और गाजे बाजे के साथ बुंदेली परंपरा के अनुसार स्वागत किया। कार्यक्रमों में हीरा सिंह राजपूत ने ग्राम बेरखेड़ी चंपत में 8.30 लाख का सामुदायिक भवन, ग्राम लुहारी में 10 लाख की लागत से अजा का. सामुदायिक भवन, ग्राम बसियाभौति में 8.30 लाख का सामुदायिक भवन, ग्राम लखनपुरा में 8.30 लाख का मंगल भवन, ग्राम बहरोल में 8.30 लाख का मंगल भवन का तथा ग्राम गंभीरियाहाट में 8.30 लाख लागत का सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने ग्राम जलंधर में बंसल समाज की मांग पर उनके मंदिर के लिए विघायक निधि से 1 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

## जनभागीदारी से चलने वाली कक्षाओं को बंद करने की मांग

**रहली, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में अधिकांश कक्षाये जनभागीदारी से संचालित की जाती है, सत्र समाप्त होने के बाद भी जनभागीदारी से अतिथि विद्वानों का भुगतान किया जाता है, साथ ही अन्य व्यय भी जनभागीदारी से किए जाते है इसके विरोध में विद्यार्थियों द्वारा ज्ञापन एसडीएम गोविंद दुबे को सौंपा और अनावश्यक व्यय समाप्त करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया की यह पैसा विद्यार्थियों से शुल्क के साथ लिया जाता है और मनमर्जी से इसका व्यय किया जाता है जिसका हम सभी विरोध करते है और यदि यह नहीं रोका गया तो आगे सभी उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में विधार्थी मौजूद रहे।

## मंत्री प्रतिनिधि ने विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री प्रतिनिधि ने खुरई के विभिन्न वार्डों में 22 करोड़ लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। यहां आयोजित समारोह में मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने सर्वप्रथम 2.40 करोड़ की राशि से निर्मित बैडमिंटन कोर्ट व खेल मैदान निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं हॉकर्स जोन चौपाटी का लोकार्पण किया। तत्पश्चात उन्होंने क्षेत्र के सुभाष वार्ड में पहुंचकर 1.56 करोड़ की लागत राशि से निर्मित होने वाले तीन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, रेलवे स्टेशन के पास निर्मित हुए नवीन आश्रय भवन का लोकार्पण किया इस भवन को सर्वसुविधा युक्त बनाया गया है, जिसमें खुरई एवं बाहर से आने वाले शरणार्थियों के लिए नि:शुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि द्वारा सभा में उपस्थित कुछ महिलाओं को राशन पात्रता पर्ची भी वितरित की गई। इसके साथ ही करीब 2 करोड़ की लागत राशि से कायाकल्प 2.0 योजना अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों का भूमि पूजन भी किया। जगदीशपुरा वीर सावरकर वार्ड में 13.68 करोड़ की राशि से सुराज कॉलोनी निर्माण कार्य एवं 80 लाख रुपए की राशि से अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर में ग्रीन पार्क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने आयोजित समारोहों में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि खुरई क्षेत्र के लगभग सभी वार्डों में मंत्री जी ने विकास कार्य किए हैं। उन्होंने पिछले 7 वर्षों में क्षेत्र के विकास के लिए वह करके दिखाया है, जो आज तक कभी किसी ने नहीं किया। पूरी खुरई विधानसभा में अपने परिवार के साथ मिलकर काम किया है। जिसके लिए जनता उन्हें अपना आशीर्वाद दे रही है। जितना खुरई क्षेत्र में विकास हुआ है उतना अब तक कहीं भी नहीं हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंत्री प्रतिनिधि ने समारोह में उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनी और उन्हें तुरंत निराकृत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।